खबर संक्षेप

## धरती आबा अभियान के तहत जिले में आयोजित किए जा रहे हैं विशेष सेवा शिविर

**मण्डला।** धरती आबा योजना अंतर्गत जनजातीय समुदाय को शासकीय योजनाओं से लाभान्वित करने के उद्देश्य से कलेक्टर सोमेश मिश्रा के निर्देशानुसार जिला मुख्यालय सहित जिले के सभी विकास खण्डों में 15 जून से 30 जून तक विशेष सेवा शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इन शिविरों में आधार पंजीयन एवं अद्यतन, कार्ड निर्गमन, आयुष्मान भारत जनआरोग्य योजना कार्ड, जाति प्रमाण पत्र जारी करना, किसान सम्मान निधि योजना नामांकन, जन-धन खाता आदि से सेचुरेशन मोड पर ग्रामों को आच्छादित किया जाएगा। यह अभियान प्रशासन के निर्देशानुसार सीएससी, विकासखण्ड स्तरीय अधिकारीगण एवं फ्रंटलाइन वर्कर्स के समन्वित प्रयास से संचालित किया जा रहा है। पीएम जनमन योजना एवं धरती आबा जनजाति ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत विशेष पिछड़ी जनजाति (बैगा) एवं जनजातीय समुदाय के लिए जिला प्रशासन द्वारा कैलेण्डर अनुसार शिविर आयोजित करने का निर्णय लिया गया है। इसी कड़ी में जिला मुख्यालय तथा जनपद स्तर कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है। इसके अंतर्गत विशेष शिविर भी लगाये जाएँगे शिविरों में क्षेत्रीय जन प्रतिनिधि भी सम्मिलित होंगे। जनपद स्तर के आयोजन हेतु कलेक्टर महोदय द्वारा एसडीएम को नोडल अधिकारी तथा सीईओ जनपद पंचायत को सहायक नोडल नियुक्त किया गया है। इसके अलावा सभी विभाग प्रमुख को भी अपने स्तर से विभागीय अधिकारी/ कर्मचारियों की ड्यूटी लगा कर आयोजित होने वाले शिविरों में जनजातीय समुदाय के पात्र लोगों को सभी योजनाओं से लाभान्वित करने हेतु निर्देशित किया है। इसके साथ ही चिन्हित प्रत्येक धरती आबा ग्राम/ग्राम पंचायत में शिविर आयोजन हेतु तिथियों का निर्धारण जनपद स्तर से किया गया है। प्रत्येक शिविर के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किये गए हैं। उक्ताशय के आदेश संबंधित जनपद स्तर से जारी किए गए है। कलेक्टर ने जनजातीय समुदाय के लोगों से विशेष सेवा शिविरों का लाभ प्राप्त करने की अपील की है।

### कान्हा टाइगर रिजर्व में आरंभ हुई एमपीटीबी की दो दिवसीय कार्यशाला

# टाइगर रिजर्व में होगी पर्यटकों की चहल-पहल

*** टाइगर सफारी के साथ पर्यटकों का मन बहलाएगी विविध गतिविधियां।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला





कान्हा टाइगर रिजर्व जैसे सभी नेशनल पार्कों में सफारी के अलावा पर्यटन के अनुभव बढ़ाने, वर्षा ऋतु में पार्कों के बंद हो जाने के दौरान फ़ुटफाल बढ़ाने तथा पर्यटन के व्यवसाय को गति प्रदान करने के उद्देश्य से कान्हा टाइगर रिजर्व के एमपीटी के बघीरा रिजॉर्ट, मोचा में शनिवार को दो दिवसीय कार्यशाला आरंभ हुई। प्रदेश में पर्यटन विकास के लिए एमपीटीबी के प्रबंध संचालक शिव शेखर शुक्ल के मार्ग दर्शन में आयोजित कार्यशाला में वाइल्ड लाइफ हैबिटेट में सस्टेनेबल ट्रैकिंग प्रैक्टिस, एडवेंचर एक्टिविटीज इंश्योरेंस, वेलनेस टूरिज्म, स्काई गेजिंग और साइकिल सफारी आदि विषयों पर हितधारकों ने चर्चा की। जिला पंचायत मंडला के सीईओ श्रेयांश कूमट, कान्हा वन मंडल बफर जोन की उप संचालक अमिता के.बी. एमपीटीबी के साहसिक खेल विभाग के संयुक्त संचालक डॉ एस के श्रीवास्तव, बिछिया की एसडीएम सोनाली देव, यूनिटी स्मॉल फाइनेंस बैंक के वरिष्ठ अधिकारी रविशंकर और होटल-लॉज संघ, कान्हा के अध्यक्ष तरुण भाटी ने दीप प्रज्ज्वल कर कार्यशाला का शुभारंभ किया। बिछिया एसडीएम सोनाली देव ने साहसिक खेलों और आदिवासी संस्कृति को मंडला के पर्यटन विकास का मजबूत स्तंभ बताया। कान्हा नेशनल पार्क के बफर जोन की उप संचालक अमिता के ने पीपीटी के माध्यम से इको तथा रिस्पांसिबल टूरिज्म पर विचार रखे। उन्होंने कहा कि पर्यटन स्थानीय लोगों की आय में वृद्धि कर सकता है।

जिला पंचायत मंडला के सीईओ श्रेयांश कूमट ने कहा कि मंडला अध्यात्म और लोक संस्कृति का संगम है। पीपीटी के माध्यम से उन्होंने पुरातत्व पर्यटन, आध्यात्मिक पर्यटन, प्राकृतिक पर्यटन, सांस्कृतिक पर्यटन सहित महाकाल लोक की तर्ज पर भविष्य में नर्मदा लोक विकसित करने के विषय में बताया। उन्होंने कहा कि महिष्मति घाट की पंच चौकी महाआरती आज मण्डला में प्रयागराज और वाराणसी की झलक प्रस्तुत कर रही है। चौगान की मढ़िया गोण्ड संस्कृति का एक प्रमुख आस्था का केन्द्र है। उन्होंने पर्यटन के लिहाज से रामनगर क्लस्टर में आर्कोलाजिकल स्ट्रक्चर्स के साथ- साथ काला पहाड़ में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए ट्रेकिंग ट्रेल्स के लिहाज से डेवलप करने की बात कही। श्री कूमट ने कहा कि मण्डला में ईको टूरिज्म की भी पर्याप्त संभावनाएं हैं। एमपीटीबी के डॉ एस के श्रीवास्तव ने बताया कि टूरिज्म बोर्ड के प्रबंध निदेशक शिव शेखर शुक्ल का मत है कि मंडला में भी पंचारण्य बनाया जाएगा जिसकी संरचना विकसित करने के लिए प्रशासन से दो एकड़. की भूमि ली जाएगी। लोक संस्कृति और स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने यह पंचारण्य उपयोगी रहेगा।

डॉ एस के श्रीवास्तव ने बताया कि ग्लोबल सस्टेनेबल टूरिज्म काउंसिल ने पचमढ़ी को ग्रीन डेस्टिनेशन के रूप में प्रमाणित किया है यह प्रदेश के पर्यटन विकास के दृष्टिकोण से बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने बताया कि धार जिले के कुच्छी से गुजरात के स्टैचू ऑफ यूनिटी तक क्रूज सेवा जल्द आरंभ होगी। उन्होंने अपने प्रजेंटेशन में प्रदेश में सफलता पूर्वक संचालित स्काई डाइविंग जैसी गतिविधियों के बारे में बताया। डॉ श्रीवास्तव ने बताया कि प्रदेश अब साहसिक खेलों के लिए देश विदेश में नाम कमा रहा है उन्होंने अप्रैल माह में मंडला जिले में सफलता पूर्वक संचालित झील महोत्सव के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि साहसिक खेलों को बरगी बांध में संचालित करने एमपीटीबी ने जबलपुर के स्पोर्ट्स स्टूडियो के संचालक आशीष अग्रवाल को लायसेंस प्रदान किया है यह इस बात को प्रमाणित करता है कि पर्यटन बोर्ड पीपीपी मॉडल के माध्यम से भी आगे बढ़ रहा है। पर्यावरण संरक्षण के साथ पेंच और अलीराजपुर में ट्रैकिंग करा रहे इंडिया हाइक्स के प्रमुख नीतेश कुमार जे ने बताया कि उनके साथ ट्रैकिंग करने वाले कचरा एकत्र करने एक थैला रखकर चलते हैं। भोपाल से आए फिल्म और डॉक्यूमेंट्री निर्माता निशांत कपूर ने वाइल्ड लाइफ को आकार देने फिल्मों की भूमिका विषय पर प्रकाश डाला। फिल्म निर्माता और वाइल्ड लाइफ फोटोग्राफर फरहान खान की डॉक्यूमेंट्री दिखाई गईं। इस अवसर पर एडवेंचर इंश्योरेंस कंपनी एएससी 360 की प्रमुख पूजा सिंघल, साइकिल सफारी का संचालन कर रहे रोहित त्रिवेदी तथा सायरन्स स्पोर्ट्स के राहुल शर्मा ने भी अपने विचार रखे। इस अवसर पर एमपीटीबी के सलाहकार के.के.सिंह, परियोजना अधिकारी अवनीश यादव, पर्यटन प्रबंधक जबलपुर तरुण मिश्र तथा पर्यटन प्रबंधक बालाघाट रत्नदीप आदि उपस्थित रहे। कार्यकम में बफर में सफर विषय पर परिचर्चा हुई तथा लोगों ने मोचा स्थित बैगा आर्ट गैलरी का भ्रमण किया तथा बैगा नृत्य का आनंद उठाया।

### हेलीकॉप्टर से पहुंचेंगे जबलपुर से कान्हा

एमपीटीबी के डॉ श्रीवास्तव ने बताया कि टूरिज्म बोर्ड के प्रबंध निदेशक श्री शुक्ल का मानना है कि कान्हा नेशनल पार्क तक जल्द पहुंचने के लिए बोर्ड जल्द ही जबलपुर से कान्हा तक हेलीकॉप्टर सेवा शुरू करेगा। कान्हा में मोचा या खटिया गेट के निकट हेलिपैड का निर्माण होगा।

### ईको टूरिज्म और एडवेंचर गेम्स की पर्याप्त संभावनाएं

एमपीटीबी के साहसिक खेल विभाग के संयुक्त संचालक डॉ एस के श्रीवास्तव ने कार्यशाला में अपने विचार रखते हुए बताया कि इस क्षेत्र में ईको टूरिज्म के लिए भी पर्याप्त संभावनाएं हैं। उन्होंने कहा कि हाल के दिनों में पचमढ़ी में रॉक क्लाईमिंग का एडवेंचर शुरू किया गया है। उज्जैन में स्काई डायविंग के लिए ट्रेनर्स के साथ डायविंग भी कराई गई है।

### बदला जाए खटिया गेट का नाम

कार्यशाला में सहभागी होटल, रिजॉर्ट संचालकों ने कहा कि खटिया गेट का नाम बदल दिया जाए ताकि पर्यटकों की गलतफहमी दूर हो कि यहां कोर क्षेत्र नहीं है और खटिया गेट से प्रवेश करने पर बाघ नहीं दिखते।

## पुलिस अधीक्षक सहित सभी राजपत्रित अधिकारियों ने जिले के थानों का किया औचक निरीक्षण



*** थानो में मालखाना , रिकॉर्ड रूम, जरायम, रजिस्टर ,बलवा ड्रिल सामग्री एवं सीसीटीएनएस प्रणाली ,माइक्रो बीट प्रणाली का लिया जायजा।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना के द्वारा प्रदेश के जिलों के समस्त वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को औचक रूप से अपने जिले के थानों का आकस्मिक निरीक्षण करने हेतु निर्देशित किया गया है। पुलिस महानिदेशक के निर्देशों के पालन में दिनांक 14.06.25 की देर रात्रि में पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा द्वारा जिले के थाना बम्हनी बंजर एवं नैनपुर का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना परिसर, मालखाने, रिकॉर्ड रूम, जरायम, रजिस्टर, थाने पर रखे बलवा ड्रिल सामग्री आदि को भी चेक किया, थाने में हिस्ट्री सीट, सीसीटीएनएस प्रणाली, सीसीटीव्ही, माइक्रोबीट प्रणाली की समीक्षा की। निरीक्षण उपरांत सामने आई कमियों को सुधारने हेतु संबंधित थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया। इसी प्रकार दिनांक 14 जून 2025 की देर रात्रि में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मंडला श्री शिव कुमार वर्मा द्वारा थाना महाराजपुर, बम्हनी बंजर, चौकी हिरदेनगर, चौकी अंजनिया एवं थाना कोतवाली का ,एसडीओपी नैनपुर श्री मनीष राज द्वारा अनुभाग नैनपुर के थाना नैनपुर, थाना खटिया का एवं एसडीओपी बिछिया श्री सौरभ तिवारी द्वारा थाना बिछिया थाना घुघरी एसडीओपी निवास द्वारा थाना बीजाडांडी, टिकरिया व निवास का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान मालखाने, बंदी गृह, जरायम, रिकॉर्ड रजिस्टर एवं थाने की व्यवस्थाओं से संबंधित अन्य निरीक्षण किए गये, एवं सुधार हेतु सम्बन्धित थाना प्रभारी को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए गए।



## पारिवारिक विवाद के चलते कुल्हाड़ी से हमला करने वाले आरोपी को भेजा गया जेल

**घुघरी।** दिनांक 26.05.2025 को ग्राम दानीटोला निवासी अमर सिंह पंद्रो के साथ पारिवारिक विवाद के चलते उसके भाई चमन सिंह पंद्रो द्वारा कुल्हाड़ी से सिर व गले पर जानलेवा हमला किया गया। गंभीर रूप से घायल अमर सिंह को उपचार हेतु भर्ती किया गया। प्रथम दृष्टया सूचना तस्दीक उपरांत थाना घुघरी में अपराध क्रमांक 132/2025 धारा 109(1), 296 भारतीय न्याय संहिता के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया गया। आरोपी चमनसिंह पिता सुखराम पंद्रो उम्र 25 साल साकिन दानीटोला थाना घुघरी घटना के बाद से फरार था, जिसे छत्तीसगढ़ के रायपुर से ट्रेस कर पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार आरोपी को न्यायालय पेश कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया। आरोपी की गिरफतारी में निरीक्षक पूजासिंह बघेल, उनि. रामकिशोर माथरे, सउनि. रामकृष्ण बघेल, प्र. आर रायसिंह मरावी, आर. टीकाराम परस्ते, आर. शिवलाल परस्ते व सायबर सेल से रुपेन्द्र लिल्हारे की भूमिका रही।




## भाजपा अध्यक्ष ने किया सारथी ऑनलाइन टैक्सी का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



रविवार को सारथी ऑनलाइन टैक्सी का शुभारंभ हुआ वर्षो से चली आ रही मांग को उद्योगपति नितिन राय ने पूरा किया है। उन्होंने कहा कि अब जिले के अंदर सफर करना आसान हो गया है दिन हो या रात हर समय टैक्सी की सुविधा उपलब्ध रहेगी। जो आपको अपने गंतव्य तक पहुंचायेगी। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वालन माल्यार्पण से किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर भाजपा जिला अध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि मंडला में यह सुविधा लोगो के लिए संजीविनी का काम करेगी। देर रात घर लौटने वाले लोगो के लिए बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन से उचित साधन नही हैं जिसकी पूर्ति सारथी ऑनलाईन टैक्सी करेंगी। अध्यक्ष ने संचालित एप्प को मोबाईल में लोड किया और ऑनलाईन टैक्सी बुलाकर कार्यक्रम समापन के बाद भाजपा कार्यालय के लिए रवाना हुए। उन्होंने इसके लिए मात्र 75 रूपए शुल्क चुकाया। कार्यक्रम के पूर्व सारथी ऑनलाईन टैक्सी के ऑनर नितिन राय ने भाजपा जिला अध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा, वरिष्ठ भाजपा नेता विनय मिश्रा, समाजसेवी आशीष मट्टू द्विवेदी, समाजसेवी नीरज अग्रवाल, संजय तिवारी, अजय खोत, सुनील तिवारी, सचिन शर्मा, सुधीर कसार, प्रवीण तिवारी, विपिन राय, भाजपा मंडल अध्यक्ष बिछिया नीरज भट्ट, समाज सेवी जगदीश राय, नीलेश राय का पुष्पमाला से स्वागत किया वहीं सहयोगी अमित ढकरिया ने सारथी ऑनलाईन टैक्सी कम्पनी की विशेषता के बारे में कहा कि जिले में पहली बार ओला, उबर बड़े शहरों की तर्ज में सारथी ऑनलाइन टैक्सी की शुरुआत की गयी है। सारथी एप्प के माध्यम से नागरिकों को उनके गंतव्य तक पहुंचायेगी। उचित दाम व सुव्यवस्थित यात्रा में सहयोग के लिए सारथी की शुरुआत हुई है। उपस्थित लोगों को संस्थापक नितिन राय ने सारथी ऑनलाईन टैक्सी ने बारे में बताया कि खास तौर पर छोटे शहरों में देर रात शाम व दिन में महिलाओं, बच्चियों को कहीं जाना होता है तो ऑटो , टैक्सी मिल पाना मुश्किल होता है व किसी को कहीं गंतव्य के लिए उचित साधन उपलब्ध नहीं हो पाते हैं इसी बात को ध्यान में रखकर नागरिकों की सुरक्षा, व्यवस्था को ध्यान में रखकर हमने सारथी की शुरुआत किया है। निश्चित ही सारथी एप सभी की यात्रा को आसान बनायेगी। हमारा एप 75 कि.मी. तक के रेंज पर काम करेगा। एप से बुक करके एक क्लिक से पूरे देश की यात्रा आप कर सकते हैं। सुरक्षा की दृष्टि से वाहनों में जीपीएस, कुशल ड्राईवर की पूरी खबर रखी जायेगी। जिसकी जानकारी एप को संचालित करने वाले आफिस से लेकर मालिक तक रहेगी। इस तरह पूर्णतः पारदर्शी व्यवस्था से पूर्ण एसी वाहन उपलब्ध होंगे। हमारी कोशिश है कि हम यात्रियों को पूर्ण सुविधाएं प्रदान करने कोशिश करेंगे। इस एप के संस्थापक नितिन राय व सह संस्थापक अमित ढकरिया ने शहर वासियों से अवसर प्रदान करने अपेक्षा की है। वही संचालक अमित ढकरिया ने बताया कि आपकी सुविधा के लिए सारथी ऑनलाइन टैक्सी आपके हर समय आपके साथ है। खास बात यह है हर लोकेशन की जानकारी आपको सारथी एप्प के माध्यम से दी जाएगी। सारथी ऑनलाइन टैक्सी बुकिंग सिस्टम एक वेब-आधारित प्लेटफॉर्म है जो आपके ग्राहकों को अपने घर या कार्यस्थल की सुविधा से टैक्सी और कार्यकारी टैक्सी बुक करने में सक्षम बनाता है। हमारी कोशिश है कि मंडला वासियों को महानगरों की दर्ज में सभी सुविधाएं उपलब्ध हो। कार्यक्रम में दीपमणी खैरवार, किशोर रजक, रोहित बघेल, विजय अग्रवाल, अजय वंशकार सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।



प्रतियोगिता

### दक्षिण क्षेत्र जूनियर बालक अंतर जिला फुटबॉल प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ

# मंडला ने रायसेन को 4 व जबलपुर ने सिवनी को 3 गोल से दी मात

*** आज होगा बालाघाट व बैतूल और बुरहानपुर व छिंदवाड़ा का मुकाबला।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



रविवार को महात्मा गांधी स्टेडियम मंडला में म.प्र. फुटबॉल संघ व जिला फुटबॉल संघ, मण्डला के तत्वाधान में दक्षिण क्षेत्र जूनियर बालक अंतर जिला फुटबॉल प्रतियोगिता 2025 का शुभारंभ हुआ। लीग आधार पर आयोजित इस प्रतियोगिता का आयोजन 22 जून 2025 तक होगा। दक्षिण क्षेत्र जूनियर बालक अंतर जिला फुटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ नगर पालिका अध्यक्ष विनोद कछवाहा के मुख्य आतिथ्य, पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा की अध्यक्षता और भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष भीष्म द्विवेदी की विशिष्ट आतिथ्य में हुआ। मैच के पहले अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर ऑफिशियल फोटो शूट करवाया और फिर राष्ट्रगान के बाद मैच शुरू हुआ। प्रतियोगिता के शुभारंभ अवसर पर आमंत्रित अतिथियों द्वारा भारतीय महिला क्रिकेट टीम की सदस्य शुचि उपाध्याय का शॉल व श्रीफल भेंट कर नागरिक अभिनंदन किया गया।

प्रतियोगिता का पहला मैच मेजबान मंडला और मेहमान रायसेन टीम के बीच खेला गया। खेल के पहले हाफ में मंडला की टीम ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया। खिलाड़ियों ने वन टच पास और फुटबॉल पर अपनी पकड़ बनाए रखी। खेल के सातवें मिनट में वत्सल ने शानदार गोल कर मंडला को एक शून्य से आगे कर दिया। खेल के 20वें मिनट में रुद्र और 22 मिनट में कृष्ण ने गोल कर मंडला को तीन शून्य से आगे कर दिया। फर्स्ट हाफ की समाप्ति पर मंडला की टीम 3/0 से आगे थी। बारिश के दौरान हुए दूसरे हाफ में दोनों टीमों ने अच्छा खेल का प्रदर्शन किया लेकिन बारिश की वजह से पहले हाफ जैसी रफ्तार व स्किल खिलाड़ी नहीं दिखा पा रहे थे। वात्सल्य ने 55वें मिनट में एक और गोल कर मंडला को 4/0 की निर्णायक बढ़त दिला दी। इस तरह वात्सल्य के शानदार दो गोल की मदद से मंडला को 4/0 से विजय रही। इस मैच में खरगोन के प्रतीक वर्मा मुख्य रेफरी रहे, जबकि जबलपुर के रोहित थापा और सतना के निखिल विश्वकर्मा असिस्टेंट रेफरी व शहडोल के राज पुरी फोर्थ ऑफिशल थे।




प्रतियोगिता के पहले दिन का दूसरा मैच जबलपुर और सिवनी के बीच खेला गया। दोनों टीमों ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया लेकिन पहले आपके 24वें मिनट में जबलपुर के नागेंद्र ने शानदार गोलकर अपनी टीम को एक शून्य की बड़ा दिल दी। यह बढ़त हाफ टाइम तक कायम रही। खेल के दूसरे हाफ में जबलपुर की टीम ने और बेहतर खेल का प्रदर्शन किया और आरुष व अर्णव के गोल की मदद से उसने तीन शून्य की निर्णायक बढ़त हासिल कर ली। आरुष ने खेल के 80वें मिनट और अर्णव ने खेल के 85वें मिनट में गोल किया। इस मैच में मुख्य रेफरी की भूमिका सतना के अभय बागरी ने निभाई। असिस्टेंट रेफरी खरगोन के शिवम पाटीदार व शहडोल के राजपुरी थे। फोर्थ ऑफिशल सतना के निखिल विश्वकर्मा थे।

16 जून, सोमवार को दोपहर 2:30 बजे पहला मैच बालाघाट व बैतूल के बीच खेला जाएगा जबकि शाम 4:00 बजे दूसरा मैच बुरहानपुर और छिंदवाड़ा के मध्य खेला जाएगा। अर्जुन समिति ने खेल प्रेमियों से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में महात्मा गांधी स्टेडियम पहुंचकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करें। इस दौरान प्रतियोगिता संरक्षक वेद प्रकाश कुलस्ते गोल्डी, हॉकी मंडला के सचिव सैयद कमर अली, जिला फुटबाल संघ के उपाध्यक्ष डॉ. दिलीप शर्मा, स्वामी शारदात्मानंद, पुरुषोत्तम उसराठे, राजेश पाठक, अन्नू वासल, रानी दुर्गावती कॉलेज के स्पोर्ट्स ऑफिसर डॉक्टर गुलबहार खान, चंद्रेश खरे, नीरज अग्रवाल, बंटी वासल सहित बड़ी संख्या में खेल प्रेमी उपस्थित थे। इस प्रतियोगिता को सफल बनाने में पंकज उसराठे, मुजवी हसन, देवेंद्र सरोते, बासु सिंधिया, प्रथम चौकसे, कुशल भवेदी सहित विभिन्न खेल प्रेमी उल्लेखीनय भूमिका का निर्वहन कर रहे है।

## खबर संक्षेप

### प्रज्ञा ने बढ़ाया नगर का गौरव



हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा। निश्चित ही जब कोई नगवासी बड़े स्तर पर सफलता हासिल करता है तो नगर का गौरव बढ़ने से नही चूकता है। कुछ इसी प्रकार से प्रज्ञा राठोरिया की सफलता को देखते हुये जान पड़ रहा है। नगर की प्रज्ञा राठौरिया ने मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग (एमपी पीएससी) की सहायक प्राध्यापक परीक्षा उत्तीर्ण कर न केवल अपने परिवार का, बल्कि पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। प्रज्ञा ताराचंद राठौरिया एवं श्रीमती माया राठौरिया की सुपुत्री हैं। बताया जाता है कि प्रज्ञा राठोरिया ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा दिल्ली पब्लिक स्कूल, एनटीपीसी, विंध्यनगर एवं दिल्ली पब्लिक स्कूल, एनटीपीसी, कोरबा से प्राप्त की। इसके पश्चात उन्होंने बनारस हिंदू विश्वविद्यालय से स्नातक की डिग्री प्राप्त करने के साथ यहां स्वर्ण पदक विजेता भी रहीं। वही इस उन्होंने परास्नातक की शिक्षा दिल्ली विश्वविद्यालय के रामजस कॉलेज से पूर्ण की गई। प्रज्ञा की इस सफलता से गाडरवारा और संपूर्ण जिले में खुशी की लहर देखने मिल रही है।

### अतिक्रमण व आवारा गर्दी वालों की हरकतों से राहगीर परेशान



**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** इस समय शहर में खाली पड़ी हुई शासकीय भूमि पर खुलेआम अतिक्रमण को जाल बिछते हुये देखे जाने के बाद भी जिम्मेदार अधिकारियों की उदासीनता पूर्ण कार्य प्रणाली निश्चित तौर से जहां अतिक्रमणकारियों के लिये संरक्षण की मुद्रा में प्रतीत होने से नही चूक रही है तो दूसरी ओर जिस तरह नगर के रेलवे स्टेशन के समीप यानि की चीचली की ओर जाने वाले मार्ग पर लगे हुये रेल्वे गेट के पास अतिक्रमण करते हुये स्थापित हो रही दुकानों पर जहां दिन के समय आवारा गर्दी करने वालों का जमावडा लगा रहता है तो दूसरी ओर शाम होते ही यहां पर शराब खोरी करने वालों की अशोभनिय हरकते देर रात चलने के कारण यहां पर निवास करने वाले लोगों के साथ साथ इस मार्ग से निकलने वाले राहगीरों को परेशानियों का सामना करने के लिये मजबूर होना पड़ रहा है? बताया जाता है कि यहां पर खाली पड़ी हुई सड़क किनारे की भूमि पर लोगों द्वारा खुलेआम अतिकमण करते हुये अपनी दुकाने स्थापित की गई है।

### अघोषित बिजली कटौती ने छिना अमन व चेन

**हरिभूमि न्यूज/सालीचौका।** भले ही केन्द्र से लेकर प्रदेश में बैठी हुई सरकारों द्वारा अपने आपकों किसान हितैषी बताते हुये किसानों की मदद के लिये खड़े रहने का वादा किया जाता रहे मगर इस समय किसान जिस मुश्किल से परेशान होते हुये देखा जा रहा है उस और न तो सरकार द्वारा ध्यान दिया जा रहा है और न ही क्षेत्र के जिम्मेदार माने जाने वाले जन प्रतिनिधियों के द्वारा जिसका परिणाम है कि किसानों को अपने खेतों में लगाई गई मूंग सहित गन्ना फसल की सिंचाई करने के लिये बिजली ही नही मिल पा रही है तो दूसरी ओर भीषण कर्मी के दौरान हो रही अघोषित बिजली के कटौती के कारण आमजन का अमन चेन छिनते हुये जान पड़ रहा है। कहने के लिये तो सरकार द्वारा किसानों को सिंचाई हेतु 10 घंटे व आम लोगों के लिये 24 घंटे बिजली उपलब्ध कराने का भरोसा दिलाया गया है और आये दिन क्षेत्र में होने वाले कार्यक्रम के दौरान सत्ता पार्टी से जुडे हुये नेता किसानों को सिंचाई हेतु पर्याप्त बिजली देने का डिंडोरा पीटते हुये देखे जाते है। मगर इन दिनों बिजली क अभाव में किसानों के खेतों की क्या हालत हो रही है इस ओर न तो बिजली विभाग के अधिकारी ध्यान दे रहे है और नही क्षेत्र के जन प्रतिनिधि जिसके चलते क्षेत्र के किसानों द्वारा बड़ी उम्मीदों के साथ अपने खेतों में मूंग फसल बोई गई थी मगर बिजली नही मिलने से सिंचाई के आभाव में सूखते हुये दिखाई देने लगी है।

# कौरव सेवा समिति ने समाज की गौरवशाली प्रतिभाओं को किया सम्मानित, सरकारी नौकरी पाने वाले युवाओं सहित बोर्ड परीक्षा में 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्रा छात्राओं को मंच प्रदान करते हुये दिया अनोखा संदेश













हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।

हर समाज में देखा जाता है कि युवा पीढ़ी अपनी मेहनत के बल पर जिस तरह बुलंदियों को छूने का प्रयास करती है और जब सामाजिक बंधुओं के माध्यम से उन्हें सम्मान मिलता है तो निश्चित तौर से उनका मनोबल सातवे आसमान पर पहुंचने से नही चूकता है? मगर कौरव समाज निश्चित तौर से इस तरह के कार्य में पीछे देखी जा रही थी। समाज की इस कमी को बीते हुये तीन साल से कौरव सेवा समिति द्वारा पूरा करने में कोई कसर नही छोड़ी जा रही है। इसी के चलते कौरव सेवा समिति द्वारा लगातार तीसरे वर्ष कौरव समाज के गौरवशाली प्रतिभाओं का मनोबल बढ़ाने की सोच के चलते प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन नगर के रायल पैलेस भवन में आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य रूप से कौरव समाज से सरकारी नौकरी पाने वाले युवा युवतितयों के आलवा कक्षा बारहवी वोर्ड परीक्षा में 80 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले छात्र छात्राओं सहित अपने निजी धंधे को सफलता पूर्वक स्थापित करने वाले समाजिक युवाओं को भी सम्माति करते हुये एक अनोखा संदेश दिया गया। इस तरह कौरव सेवा समिति द्वारा आयोजित किये गये इस कार्यक्रम की जहां सामाजिक लोगों द्वारा सराहना की जा रही है तो दूसरी ओर कौरव सेवा समिति द्वारा शुरू की गई इस अनोखी पहल को लेकर समाज के युवा वर्ग में काफी उत्साह देखा जा रहा है। क्योंकि इस तरह के आयोजन को लेकर कौरव अन्य समाजों के अपेक्षा पीछे दिखाई पड़ रही है तो उस सच्चाई को कौरव सेवा समिति द्वारा समाप्त करते हुये समाज के प्रतिभाओं को एक मंच पर खड़ा किया गया है। कौरव सेवा समिति गाडरवारा द्वारा आयोजित किये गये इस आयोजन में समाज के उन छात्र छात्राओं को सम्मानित किया गया है जिन्होंने शिक्षा सत्र 2024-25 की एम पी वोर्ड व केन्द्रीय कक्षा बारहवी की वोर्ड परीक्षा में 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करते हुये प्रतिभाशाली बनकर समाज का नाम रोशन किया गया है। वही समाज के उन युवाओं को भी सम्मानित किया गया है जिन्होंने शासकीय सेवाओं में नौकरी प्राप्त करते हुये समाज की गरिमा में चार चांद लगाये गये है। रविवार को नगर के रायल पैलेस में आयोजित किये भव्य कार्यक्रम में अतिथियों के रूप में मंचाशील श्रीमति राजेश्वरी कौरव उप पुलिस अधीक्षक पुलिस मुख्यालय भोपाल, सुश्री रितु कौरव अस्टिेन्ट इंजी लोक निर्माण विभाग जबलपुर, अमित पटैल अपर डिवीजन क्लर्क व जिला संयोजक म प्र राज्य कर्मचारी संघ, सुश्री रिद्वी कौरव ट्रेजरी आफीसर भोपाल, सुश्री सिद्वी कौरव ट्रेजरी आफीसर भोपाल, डा विकास कौरव हृदय रोक विशेज्ञ जबलपुर के आलवा प्रो प्रहलाद कौरव प्राचार्य महाराणा प्रताप महाविद्यालय गाडरवारा, राजेश कौरव संचालक वित्त विभाग म प्र शासन, गजेन्द्र कौरव प्राचार्य हाई स्कूल रायपुर सहित छात्र छात्राओं के अभिभावकगण मौजूद थें। अतिथियों द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ कौरव समाज के आराध्य भीष्म पितामह के पूजन के साथ किया गया। वही इसके उपरांत कौरव सेवा समिति द्वारा मुख्य अतिथियों का स्मृति चिन्ह भेंट करते हुये सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मौजूद पत्रकार जगत में समाज का नाम रोशन करने वाले पत्रकार मनीष ममार, उमेश कौरव, हरेन्द्र कौरव, पवन कौरव, लाल साहब कौरव को भी कौरव सेवा समिति द्वारा सम्मानित किया गया। इसके आलवा समाज के उन युवाओं को सम्मानित किया गया जो शासकीय पर रहते हुये कौरव समाज का नाम रोशन कर रहे है। इसके आलवा कक्षा बारहवी की वोर्ड परीक्षा सत्र 2024-25 में आयोजित केन्द्रीय व म प्र वोर्ड परीक्षा में कक्षा बाहरवी में 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करते हुये प्रतिभाशाली बने छात्र छात्राये यानि की कौरव समाज की गौरव शाली प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पधारी कौरव समाज की गौरव महिलाओं के लिये एक मिशाल के रूप में साबित हो रही उप पुलिस अधीक्षक श्रीमति राजेश्वरी कौरव ने कहा कि कौरव सेवा समिति द्वारा प्रतिवर्ष सामाजिक प्रतिभाओ का सम्मान कर उन्हें प्रोत्साहित किया जाता है जो कि सराहनीय कार्य है। क्योंकि हम देखते है कि हर समाज में इस तरह के आयोजन होते है। मगर हमारी समाज में इस तरह का आयोजन मुझे आज देखने मिला तो बड़ी खुशी हो रही है। वही कौरव सेवा समिति द्वारा इस आयोजन में मुझे शामिल करते हुये सौभाग्य शाली बनने का अवसर प्रदान किया। इस तरह के आयोजनों से निश्चित तौर से समाज के युवा वर्ग का मनोबल बढ़ता है। इसी प्रकार से लोक निर्माण विभाग मे असिस्टेंट इंजीनियर सुश्री रितु कौरव ने कहा कि आज सामाजिक प्रतिभाओ को सम्मानित करते हुए आत्मीय प्रसन्नता हो रही है। आज जिस तगह पर मैं बैठी हुई हू उसी जगह पर बीते हुये साल कौरव सेवा समिति द्वारा मुझे सम्मानित किया गया था ओर उस समिति द्वारा आज मुझे मुख्य अतिथियों की श्रेणी में शामिल करते हुये हमारे समाज के होनहार बच्चों को कुछ बताने का अवसर प्रदान किया गया है। वही लिपिक अमित पटैल ने कहा कि सामाजिक प्रतिभाओ को सम्मानित कर उन्हें आगे लाने का कार्य यह सेवा समिति करती है। इस दौरान उन्होंने कार्यक्रम मे यथासंभव सहयोग देने की घोषणा की। कार्यक्रम मे डॉ विकास कौरव ने कहा कि हमारी समाज मे बहुत प्रतिभाएं है जिनके मनोबल मे वृद्धि करने की नितांत आवश्यकता है। कार्यक्रम को ट्रेजरी अधिकारी रिद्धि कौरव,सिद्धि कौरव, मनीष ममार सहित अन्य वक्ताओ ने भी सम्बोधित किया। कार्यक्रम का मंच संचालन शिक्षक हेमंत कौरव एवं अंत मे आभार प्रदर्शन कौरव सेवा समिति के राजेश कौरव राजू भाई चारगांव व प्रो प्रहलाद कौरव द्वारा व्यक्त किया गया। इसी प्रकार प्रोफेसर प्रहलाद कौरव द्वारा सभी प्रतिभाओं को उज्जबल भविष्य की कामना करते हुये कहा कि आप लोग इस तरह के चौराहे पर पहुंच चुके है जहां पर आप लोगों के सामने अनेक रास्ते है। क्योंकि इस चौराहे से अलग अलग दिशाओं के लिये रास्ते जाते है। मगर आपकी प्रतिभा की परख तभी सफल होगी जब आप लोग सही रास्तें पर चलकर अपनी समाज का नाम रोशन करने में सफल होगे। क्योंकि आप लोगों को इस चौराहें पर आप लोगों को अनेक प्रकार के लोग मिलेगे। मगर सभी की बात सुनते हुये आगे की ओर बढ़ने की जरूरत है। वही कार्यक्रम के दौरान अन्य अतिथियों ने कहा कि आज इस कार्यक्रम में मौजूद प्रतिभाओं को मार्ग दर्शन देते हुये कहा कि जिन बेटा बेटियों द्वारा कक्षा 12 की वोर्ड परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त किये गये है निशित तौर से उनकी मेहनत का परिणाम है। मगर अब वह इस तिरहे पर खड़े है जिनके सामने अपने उज्जबल भविष्य के लिये सही रास्ता चुनने के लिये चुनौती है। क्योंकि इस तिरहा से अलग अलग रास्त सामने दिखाई देते है और उनके चयन में यदि चूक हुई तो उसका परिणाम क्या निकलेगा इसका किसी को पता नही रहता है और यदि सही रास्ता चुन लिया तो उज्जवल भविष्य बनने से कोई नही रोक सकता है। इसी तरह अन्य अतिथियों द्वारा भी समाज की प्रतिभाओं को संबोधित करते हुये उनके मनोंबल को बढ़ाया गया। इस दौरान अनेक छात्र छात्राओं द्वारा मंच के माध्यम से अपने विचार साझा करते हुये मार्ग दर्शन दिया गया। इस दौरान कौरव सेवा समिति के वरिष्ठ साथी राजेश कौरव राजू भैया ने कहा कि समाज का गौरव बढ़ाने वाली प्रतिभाओं को सम्मानित करने के लिय हमारी समिति का यह लगातार तीसरा साल है। इस कार्यक्रम का उद्वेश्य मात्र यही था कि समाज का नाम रोशन करने वाले युवाओं को सम्मान देने के साथ उनका मनोबल बढ़ाने तथा एक मंच पर लाकर एक दूसरे से परिचित कराने है। क्योंकि इस तरह परसपर मिलने से जब एक दूसरे से पहचाना बना लेता है तो उसे आगे बढ़ने में मददगार साबित होने से नही चूकता है। हमारी समिति द्वारा इस मौके पर कौरव सेवा समिति के राजेश कौरव, राघवेन्द्र कौरव, शालकराम कौरव, प्रदीप कौरव रेवाश्री, संजय कौरव मेडीकल, इंजी. संजय कौरव, पत्रकार साथी उमेश कौरव, मनीष ममार, पवन कौरव, हरेन्द्र कौरव, लाल साहब कौरव के आलवा ब्रजेश कौरव एल आई सी, ब्रजेश कौरव ट्रेज, राघवेन्द्र कौरव, भानु प्रताप कौरव, अंकुश कौरव, अनुभव कौरव, मनोज कौरव सोसाईटी, मनोज पटैल बरांझ, मोनू कौरव, वीरेन्द्र कौरव, प्रदीप गौरव बगलई, सतीष कौरव पार्षद गाडरवारा, आनंद कौरव, शान्तन कौरव, नीरज कौरव, निशांत कौरव, राजेन्द्र कौरव व प्रकाश कौरव खैरी, राकेश कौरव बकील इनकम टैक्स, आशीष कौरव इमालिया, ब्रजेश कौरव भमका, नीलेश कौरव, रंजीत कौरव, सूरज कौरव, वीरेन्द्र कौरव व आशीष कौरव डोगरगांव, समीर कौरव, राजेन्द्र कौरव कामती, रंजीत कौरव, आनंद कौरव सिलारी, सत्य कौरव सिमरिया, हजारी कौरव, शिवम कौरव, सूरज कौरव, आशीष कौरव, अनुभव, अंकुर, सोमेश, आदित्य, सत्यम तिहैया, दिलीप कौरव सहित कौरव समाज के अन्य लोग मौजूद थें।

# गांव गांव बिक रहे मादक पदार्थों के चलते बर्बादी की कगार पर पहुंच रही युवा पीढ़ी





**हरिभूमि न्यूज/सालीचौका।** नशे से सामाजिक माहौल विकृत हो रहा है, शराब की सेवन की जुंग में विवादों की घटनाऍ सामने आ रही है, क्योंकि अक्सर देखा जाता है कि नशा परिवारों में कलह का कारण बन रहा है, शहर और क्षेत्र की युवापीढ़ी तेजी से इस नशे की गिरप्त में आकर अपना भविष्य बर्बाद कर रही है। यह बात अलग है कि पुलिस प्रशासन द्वारा आये दिन नशा मुक्ति की रैली निकालते हुए लोगों को नशें से दूर रहने का संदेश दिया जाता है। मगर सही मायने में देखा जावे तो पुलिस द्वारा किये जाने वाली यह पहल मात्र औपचारिकता के आलवा और कुछ जान नही पड़ रही है। अक्सर देखा जाता है कि मंचों से अधिकारियों से लेकर समाज सेवी संस्थाओं द्वारा नशामुक्ति दिवसों पर बड़े बडे भाषण देते हुए नशा से दूर रहने की बात कही जाती है। मगर वही दूसरी ओर गौर करने वाली बात तो यह है कि आज शहर से लेकर गांवों में भी अवैध रूप से जिस प्रकार शराब की बिक्री हो रही है तो दूसरी ओर गांजा भी गांवों में आसानी से उपलब्ध हो रहा है जो चिंता का विषय होने के साथ साथ पुलिस प्रशासन की उदासीनता का परिणाम है? क्योंकि क्षेत्र के अनेक गांवो में खुलेआम अवैध शराब के अलावा गॉजा, महॅगी सिगरोटो, मस्ताना मुनक्का, नशीले ड्रग्स व गांव गांव बिक रहे अवैध शराब के सेवन का शौक युवाओं में बढ़ता जा रहा है? उक्त नशीले मादक पदार्थों के आगे मदिरा महारानी शीश झुका रही है? इस स्थिति में पुलिस या अन्य एन.जी.ओ. द्वारा समय समय पर चलाये नशा मुक्ति अभियान बेअसर सबित हो रहे है? यदि नशे की सच्चाई पर गौर कि जावे तो शहर से लेकर गांवों में शाम से देर रात युवाओं के डगमग कदमो का नजारा देख क्षेत्रवासियों को अब अहसास होने लगा है कि नशा विरोधी बातावरण मंचो से शायराने अंदाज में भाषण देने से नही कुछ होगा बल्कि इसके लिए कारो में नही गलियो में पैदल घूमकर जनसेवा का झंडा उठाने वालो को युवाओं को जागरूक करते हुए इस तरह की लगातार नसीहत देना होगी जिससे नशे का उन पर सवार जिन्न पूरी तरह भाग जाए। मगर अवैध मदाक पदार्थों की बिक्री पर अंकुश लगाने में जिस प्रकार से पुलिस प्रशासन के अधिकारियों से लेकर कर्मचारियों का रवैया स्पष्ट होते हुए जान पड़ रहा है वह चिंता जनक बनने से नही चूक रहा है...? सूत्रों से मिल रही जानकारी के अनुसार क्षेत्र के अनेक गांवों में जिस प्रकार से गांजा सहित अन्य मादक पदार्थों की बिक्री हो रही है यह बात किसी से छिपी नही है..? वही इस प्रकार से अवैधानिक रूप से मदाक पदार्थो की बिक्री करने वालों का नगर में पदस्थ पेहरेदारों के याराना संबंध होना जहां चर्चा का विषय बन चुके है..? वही दूसरी ओर इस प्रकार के मादक पदार्थो की बिक्री के चलते युवाओं की जिन्दगी पूर्ण रूप से बर्बादी की कगार पर पहुंच रही है। इस संबंध में जब हमारी हरिभूमि टीम से नशा मुक्ति की सतही कोशिशो के बारे में चर्चा करते हुए लोगों का कहना है कि शासन प्रशासन के साथ साथ विभिन्न एन जी ओ द्वारा समय समय पर चलाऐ गये

# मात्र औपचारिकता ही साबित हुई शासन की बच्चों को दूध पिलाने की योजना, बीते हुये सत्र के दौरान शायद ही किसी स्कूल को दूध पीते हुये देखा गया हो?

हरिभूमि न्यूज/ सांईखेड़ा।



जिस प्रकार से शासन द्वारा सरकारी स्कूलों व आंगनबाड़ी केन्द्रों में अध्ययन करने वाले बच्चों को सभी प्रकार की सुविधाएं प्रदान करने के साथ साथ उन्हें भोजन के आलवा बीते हुये कुछ वर्ष पहले दूध पिलाने की योजना भी शुरू की गई थी। मगर यह योजना मात्र एक औपचारिकता ही जान पड़ते हुए ही दिखाई दे रही है? जानकारी के अनुसार जिस प्रकार से प्रदेश शासन द्वारा कुछ वर्ष पूर्व यानि की वर्ष 2016 में शासकीय स्कूलों में अध्ययन करने वाले छात्र छात्राओं को माध्यान्ह भोजन के साथ साथ उन्हें स्वादिष्ट दूध पिलाने की योजना की शुरूआत करते हुए लाखो रूपया खर्च किया गया था और शुरूआती तौर पर यदि गौर किया जावे तो इस योजना को देखते हुए ते यह जान पड़ रहा था कि निश्चित तौर से इस योजना के चलते सरकारी स्कूलों में अध्ययन करने वाले बच्चें हष्ट पुष्ट बनकर अपने देश का नाम रोशन करने से नही चूकेगे? और इस योजना की शुरूआत करने के पूर्व जहां शिक्षा विभाग द्वारा आदेश देते हुए सभी स्कूलों में इसका पालन करने के भी सख्त निर्देश जारी किये गये थे, जिसके चलते शासकीय स्कूलों में शासन द्वारा दूध पावडर भेजते हुए बच्चों को दूध वितरण का कार्य शुरू कर दिया गया था? मगर इस योजना की सच्चाई पर गौर किया जावे तो कुछ दिनों तक तो यह योजना ठीक ठाक रूप से चलते हुए देखी जा रही थी। मगर इसके बाद अब यह योजना जहां स्कूलों में पदस्थ शिक्षको के साथ साथ बच्चों को भोजन देने वाले स्वः सहायता समूहों के लिए इस प्रकार से सिर दर्द बन चुकी थी कि वह बच्चों को दूध देने की जगह शासन द्वारा भेजे गये उस दूध पावडर के अब आग के हबाले करने से भी नही चूक रहे थें, जिसका उदाहरण शासकीय स्कूलों में इस योजना के शुरू होने के चंद माह बाद ही देखने मिलना शुरू हो गई थी? क्योंकि शासकीय स्कूल में जिस प्रकार से शाला प्रबंधन द्वारा बच्चों के लिए शासन द्वारा भेजे गये दूध पावडर के आग के हबाले किया जा रहा है उसे देखते हुए यह बात स्पष्ट होने लगी थी कि इस योजना के नाम पर सरकार द्वारा मात्र पैसा खर्च करते हुए वाही वाली लूटने का ही प्रयास किया गया है? जिसका परिणाम है कि शायद इस योजना को अमली जामा पहनाने को लेकर न तो अधिकारी ध्यान दे रहे है और न ही शिक्षा विभाग के वह लोग जिनके द्वारा इस योजना को शुरूआत कराने के नाम पर लेकर बड़ी बड़ी बाते करते हुए बैठकों का आयोजन कर योजना को सफल बनाने के लिए अनेक महत्वपूर्ण दिशा निर्देश जारी किये गये थे? मगर इस प्रकार से प्रशासनिक अधिकाारियों की उदासीनता का परिणाम है कि सरकार द्वारा बच्चों के हितों का ध्यान रखते इस योजना की शुरूआत की गई थी वह चंद दिन बीतने के बाद अब पूर्ण रूप से दम तोड़ चुकी है और शासन की यह योजना मात्र एक औपचारिकता ही बनकर रह गई है? क्योंकि बीते हुये सत्र की सच्चाई पर गौर किया जावे तो तो शायद ही किसी स्कूलों में शासन की इस योजना के तहत बच्चों को दूध पीते हुए देखा गया हो? यदि इस योजना की सच्चाई पर गौर किया जावे तो प्रशासन अधिकारियों द्वारा इस योजना की शुरूआत करने के बाद ही जिस प्रकार से उदासीनता बरतना शुरू कर दिया गया था जिसका परिणाम है कि यह योजना अब सिर्फ कागजो तक सीमित रहने के बात लगभग समाप्त सी हो चुकी है?

# दादा धूनी वालों की नगरी सांईखेड़ा में बस यात्रियों को बारिश व गर्मी से बचने के लिए नही है कोई साधन

हरिभूमि न्यूज/ सांईखेड़ा।



इस समय चल रहे भीषण गर्मी के सीजन में उमस भरी गर्मी से परेशान होते हुए देखे जा रहे है। मगर वही दूसरी ओर देखा जा रहा है कि दादा धूनी वालों की नगर में बस स्टेन्ड के आभाव के चलते जहां सूरज की तेज तपन के बाद अब कुछ दिनों के बाद होने जा रही बरसात के मौकसम में बारिश में बसयात्रियों को भीगते हुए अनेक प्रकार की परेशानियों का सामना करने के लिए मजबूर होना पडेगा। वही गर्मी के दिनों में तेज धूप के चलते खुले मैदान में खड़े होकर बसों का इंतजार करते हुए देखा जाता है। इस नगर में देखा जाता है कि बाहर से आने वाले यात्री पानी और छॉव की तलाश में इतने बडे नगर में किसी भी प्रकार से बस स्टेन्ड नही होने के कारण बस यात्रियों को सदा ही परेशान होते हुए आसानी से देखे जा सकते है? क्योंकि साईंखेड़ा में स्थाई बस स्टेण्ड एवं यात्री प्रतीक्षालय की सुविधा न होने से यात्रियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, जबकि क्षेत्र की सच्चाई पर गौर किया जावे तो नर्मदा नदी के झिकोली पर पुल का निर्माण होने के कारण जहां यह क्षेत्र प्रदेश की राजधानी भोपाल से जुड गया है जिसके चलते यहॉ से प्रतिदिन गाडरवारा, नरसिंहपुर, छिंदवाड़ा, सिलवानी, उदयपुरा, मेहरागॉव, सिरसिरी, रायसेन, भोपाल सहित अनेको यात्री बसे निकलते है एवं झिकोली के लिये लगभग 25 टायमिंग बसे निकलती है। परन्तु विभिन्न स्थानों के लिये जाने वाले बस यात्रियों को बसों के इंतजार के लिये सड़क पर पेड़ के नीचे या फिर चाय पान की दुकानों पर बैठना पड़ता है, जिसमें प्रमुख रूप से देखा जावे तो महिला बस यात्रियों के लिये ऐंसी स्थिति में सर्वाधिक परेशानी होती है, जिसमें यहां पर स्थापित ब्लाक कार्यालय, उत्कृष्ठ विद्यालय सहित महाविद्यालय की स्थापना हो जाने के कारण अनेक महिलाओं के आलवा छात्राओं द्वारा बसो के माध्यम से ही आना जाना किया जाता है, मगर वह बस स्टेण्ड पर न होने के कारण यहां वहां भटकते हुए देखी जाती है, वही दूसरी ओर न तो महिलाओं के लिए यहां पर शौचालय है और न ही प्रसाधन की कोई सुविधा है जिसके कारण सरकार द्वारा चलाये जा रहे स्वच्छता अभियान को भी ग्रहण लगने में कोई कसर बाकी दिखाई नही दे रही है, इस प्रकार के सच्चाई के चलते स्थानीय लोगो का कहना है कि यदि मवेशी बाजार का अतिक्रमण हटाकर एक सुविधायुक्त बस स्टेण्ड बना दिया जाये तो नगरवासियों के लिये एक बड़ी सौगात मिल जायेगी।

## सड़कों पर धडल्ले से नाबालिग किशोर दौड़ा रहे है वाहन, अपने साथ साथ दूसरों की जान को भी डाल रहे खतरे में

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** शहर में बढ़ती वाहनों की संख्या और तेज गति से वाहनों का सड़कों पर दोड़ना वैसें ही दुर्घटनाओं का आमंत्रण देते दिखाई दे रहा है? वही दूसरी ओर देखा जा रहा है कि नगर की सड़कों पर जिस प्रकार से नाबांलिग किशोरों को दो पहिया वाहन दौड़ाते हुए देखा जाता है उससे उनकी जान को तो खतरा बन ही रहा है साथ ही साथ दूसरों की जान को भी खतरा पैदा करते हुए देखे जा रहे है? जिसमे प्रमुख रूप से देखा जावे तो स्कूली बच्चों का दो पहिया वाहन चलाना दूसरो के लिए खतरा बना हुआ है, क्योंकि इस समय नगर में देखा जावे तो अनेक जगहों पर 12 वर्ष सें लेकर 16 वर्ष की आयु वालें सैकड़ों किशोर व किशारियाँ वाहन चलाते दिख आसानी से दिखाई दे जाते है, इसे अभिभावक का बच्चों के प्रति लगाव कहे या भौमिकवाद की दौड़ में दिखावा जो बिना लाईसेंस के वाहन चला रहे कम उम्र के बालक बालिका नासमझी में हादसें का शिकार हो सकते है साथ ही साथ इनकी नादानी से दूसरों की जिन्दगी भी खतरे में पड़ सकती है? आगे निकलनें की होड़- स्कूली विद्यार्थी स्कूल आते जाते समय एक दूसरें से आगे निकलने के लिए रेस लगाते है साथ ही बाइक की गति और सड़को पर अनोखे करतबो का प्रदर्शन भी भीड़ भरी सड़को पर रोजना करते हुए आसानी से देखे जाते है, इनके अभिभावक भी इन खतरों सें भलिभांति वाकिफ है? लेकिन भौतिक संसाधनों कें उपयोग और थेड़ी सी लापरवाही में जानकार भी अनजान बनें हुए है। सांझ ढलतें ही सड़कों पर- शाम होतें ही नगर की सड़कों पर कई किशोर जिनकी उम्र की बात तो दूर जिस वाहन पर बैठे हुए होते है उनका उसके ब्रेकों तक पैर तक नही पहुंच पाते मगर इसके बाद भी उसे नगर की सड़कों पर वाहन दौड़ाते हुए आसानी से देखा जा सकता है।

**खबर संक्षेप**

### रेत माफिया ने ग्रामीण को दी ट्रैक्टर से कुचलने की धमकी

**अनूपपुर।** फुनगा चौकी अंतर्गत छिल्पा गांव में रेत माफिया का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। ताजा मामले में बीरबल साहू नामक ग्रामीण को नवीन रजक द्वारा कथित रूप से ट्रैक्टर से कुचल देने की धमकी दी गई। यह धमकी उस वक्त दी गई जब ग्रामीणों ने रेत के अवैध परिवहन का विरोध किया। ग्रामीणों के अनुसार, रेत माफिया इलाके में खुलेआम अवैध रेत परिवहन कर रहे हैं और विरोध करने वालों को खुलेआम धमकाया जा रहा है। बीरबल साहू द्वारा मामले की लिखित शिकायत फुनगा चौकी में की गई है, जिसमें उन्होंने अपनी जान को खतरा बताया है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि जल्द ही इस पर पुलिस प्रशासन एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा कड़ी कार्यवाही नहीं की गई, तो स्थिति और भी गंभीर हो सकती है। रेत माफिया दबंगई पर उतारू है। अब तो हमें ट्रैक्टर से कुचलने तक की धमकियां दी जा रही हैं। हम प्रशासन से सुरक्षा और न्याय की मांग करते हैं। अब देखना यह है कि पुलिस प्रशासन और जिले के पुलिस अधीक्षक इस गंभीर शिकायत पर कितनी तत्परता और गंभीरता से कार्यवाही करते हैं।

### जिले में 1320 मेगावाट ताप विद्युत परियोजना को प्रभावित किसानों और ग्रामीणों की स्वीकृति

**अनूपपुर।** जिले के ग्राम रक्शा एवं कोलमी में प्रस्तावित 1320 मेगावाट की न्यू जोन प्राइवेट लिमिटेड ताप विद्युत परियोजना को लेकर जिले में ऐतिहासिक मोड़ आया, जब त्रिस्तरीय संयुक्त बैठक में ग्रामीणों, प्रशासन और कंपनी प्रतिनिधियों के बीच समन्वय और सहमति का एक दुर्लभ उदाहरण देखने को मिला। बैठक का आयोजन ग्राम रक्शा एवं कोलमी की 476.788 हेक्टेयर निजी भूमि पर प्रस्तावित परियोजना की रूपरेखा के तहत किया गया। इसमें अपर कलेक्टर दिलीप कुमार पांडेय, एसडीएम कमलेश पुरी, नायब तहसीलदार चक्रवर्ती, और न्यू जोन कंपनी के वाइस प्रेसिडेंट सुधाकर पांडेय व सुशील कांत मिश्रा सहित सैकड़ों की संख्या में प्रभावित किसान, सरपंचगण और मीडिया प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## आबकारी आयुक्त के निर्देश भी हो रहे नजरअंदाज, प्रशासनिक चुप्पी पर उठे सवाल

# शराब ठेकेदारों की मनमानी बनी नगरवासियों के लिए सिरदर्द

**डिंडौरी।** शहर में शराब ठेकेदारों की मनमानी दिनोंदिन विकराल रूप लेती जा रही है। प्रतिबंधित क्षेत्रों में खुलेआम शराब की बिक्री न केवल कानून की धज्जियां उड़ा रही है, बल्कि राहगीरों, विद्यार्थियों और धार्मिक स्थलों पर आने-जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए भी गम्भीर असुविधा और असुरक्षा का कारण बन रही है। इस गंभीर विषय को लेकर अधिवक्ता सम्यक जैन ने आबकारी आयुक्त को एक अधिकृत पत्र सौंपा था, जिसमें उन्होंने जिला स्तर पर शराब बिक्री से जुड़े कई गंभीर बिंदुओं को रेखांकित किया। पत्र पर संज्ञान लेते हुए आबकारी आयुक्त ने संबंधित जिला आबकारी अधिकारी से रिपोर्ट तलब की है, लेकिन ज़मीनी हालात अब भी जस के तस बने हुए हैं।






### नियमों को ठेंगा, प्रतिबंधित क्षेत्रों में चल रही शराब बिक्री

मध्य प्रदेश में नर्मदा नदी के किनारे स्थित क्षेत्रों में 5 किलोमीटर की परिधि, शैक्षणिक संस्थानों, धार्मिक स्थलों और अन्य संवेदनशील क्षेत्रों में शराब बिक्री पर स्पष्ट प्रतिबंध है। बावजूद इसके, इन नियमों की खुलेआम अवहेलना की जा रही है। जिला मुख्यालय सहित कई क्षेत्रों में कलेक्टर कार्यालय, पुलिस थानों के निकट, और यहां तक कि नर्मदा तट पर शराब की खाली बोतलें और डिस्पोजेबल गिलास आम दृश्य बन चुके हैं।

### प्रशासनिक लापरवाही या सांठगांठ?

स्थानीय लोगों का आरोप है कि यह समस्या केवल ठेकेदारों की मनमानी नहीं, बल्कि आबकारी विभाग और प्रशासन की निष्क्रियता या कथित मिलीभगत का परिणाम है। अक्सर देखा गया है कि कार्रवाई की सूचना पहले ही शराब दुकानों तक पहुंचा दी जाती है, जिससे छापेमारी से पूर्व ही शराब हटा दी जाती है। सरकारी दुकानों में एमआरपी से अधिक दर पर शराब बेचे जाने की शिकायतें भी आम हैं, जिन पर कोई ठोस कार्यवाही नहीं होती।

### छात्राएं और महिलाएं असहज, सामाजिक वातावरण प्रभावित

शैक्षणिक संस्थानों और धार्मिक स्थलों के पास स्थित शराब दुकानों के कारण राहगीरों, विशेषकर छात्राओं और परिवारों को असहज स्थिति का सामना करना पड़ रहा है।

### अवैध बिक्री और कालाबाजारी पर लगाम नहीं

जिले में शराबबंदी लागू होने के बावजूद, कई स्थानों पर शराब दो गुने दामों पर बेची जा रही है। किराना दुकानों, गुमटियों और मोहल्लों में अवैध रूप से शराब की बिक्री जारी है। इससे न केवल कानून व्यवस्था प्रभावित हो रही है, बल्कि युवाओं पर भी इसका नकारात्मक असर पड़ रहा है।

### मोटरसाइकिल और स्कूटी से हो रही तस्करी

शराब तस्कर अब स्कूटी और मोटरसाइकिल को तस्करी के माध्यम के रूप में इस्तेमाल कर रहे हैं। विशेष रूप से मॉडिफाइड डिब्बों में शराब छिपाकर ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंचाई जा रही है। पुलिस विभाग समय-समय पर नाकेबंदी और छापेमारी जरूर करता है, लेकिन तस्कर अक्सर रात के अंधेरे और सुनसान रास्तों का सहारा लेकर कार्रवाई से बच निकलते हैं।

### प्रशासनिक चुप्पी बनी चिंता का कारण

स्थानीय जनप्रतिनिधियों और सामाजिक संगठनों का आरोप है कि शराब ठेकेदारों को राजनीतिक संरक्षण प्राप्त है, जिसके चलते प्रशासन कार्यवाही करने से कतराता है। आबकारी विभाग की निष्क्रियता और राजनीतिक हस्तक्षेप के चलते समस्या विकराल होती जा रही है।

जहां एक ओर राज्य सरकार नशामुक्त समाज की दिशा में प्रयासरत होने का दावा करती है, वहीं ज़मीनी हकीकत इससे बिल्कुल उलट है। अब यह देखना होगा कि आबकारी आयुक्त के निर्देशों के बाद प्रशासन इस दिशा में कोई ठोस कदम उठाता है या फिर यह मुद्दा भी अन्य शिकायतों की तरह फाइलों में दफन होकर रह जाएगा।

# गुणवत्ताहीन सड़क निर्माण, उपयंत्री ने बिना जांच के कर दिया मूल्यांकन

ग्राम पंचायत ढोंढा का मामला



**शहपुरा।** शहपुरा जनपद की ग्राम पंचायत ढोंढा में निर्मित सीसी सड़क में भारी अनियमितता का मामला सामने आया है। सड़क निर्माण में नियमों को दरकिनार करते हुए डस्ट युक्त गिट्टी, डस्ट और बड़े-बड़े बोल्डरों का उपयोग किया गया। इस पर 40 मिमी गिट्टी से कंक्रीट डालकर काम को पूरा कर दिया गया, जिससे सड़क की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल उठ रहे हैं। स्थानीय ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों ने इस घटिया निर्माण की शिकायत जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी से की थी। शिकायत के बाद सीईओ द्वारा उपयंत्री को जांच के निर्देश दिए गए, लेकिन उपयंत्री ने जांच करने के बजाय मात्र तीन दिन के भीतर ही निर्माण कार्य का मूल्यांकन कर उसे पूर्ण भी घोषित कर दिया। इस रवैये से ग्रामीणों में आक्रोश है। लोगों का आरोप है कि बिना तकनीकी जांच के सीधे मूल्यांकन किया जाना भ्रष्टाचार को उजागर करता है। माना जा रहा है कि कमीशन खोरी के चलते उपयंत्री ने गुणवत्ताहीन कार्य का मूल्यांकन कर भुगतान की प्रक्रिया आगे बढ़ाई। ग्रामीणों ने मांग की है कि इस मामले में उच्च स्तरीय जांच कराई जाए ताकि दोषियों पर कड़ी कार्रवाई हो सके। अब देखना यह है कि मुख्य कार्यपालन अधिकारी शहपुरा इस गंभीर मामले में जांच टीम गठित कर उचित कार्रवाई करते हैं या फिर यह मामला भी अन्य मामलों की तरह दबा दिया जाएगा।

# सूचना के बिना बिजली बंद, ग्रामीणों को झेलनी पड़ी भीषण गर्मी

**अमरपुर।**



उप विद्युत वितरण केंद्र अमरपुर की लापरवाही एक बार फिर सामने आई है। दिनांक 14 जून को मेंटेनेंस के नाम पर सुबह से दोपहर तक बिजली सप्लाई बंद रखने की पूर्व सूचना तो दी गई थी, लेकिन इसके अगले ही दिन यानी 15 जून को रामगढ़ सहित आसपास के ग्रामीण इलाकों में सुबह 10 बजे से देर रात तक बिजली आपूर्ति बिना किसी पूर्व सूचना के ठप रही। इस अचानक बिजली कटौती से आमजन, खासकर छोटे बच्चे और वृद्धजनों को भीषण गर्मी में भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। बिजली विभाग द्वारा किसी भी प्रकार की जानकारी नहीं दी गई, जिससे ग्रामीणों को अपने दैनिक कार्यों में बाधा आई। बिजली आपूर्ति में बाधा डालने से पहले उपभोक्ताओं को सूचित करना आवश्यक होता है। यदि पूर्व सूचना नहीं दी जाती, तो उपभोक्ता इसे लेकर उपभोक्ता फोरम में शिकायत दर्ज करा सकता है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि अमरपुर उप वितरण केंद्र में तैनात कर्मचारी मनमाने ढंग से काम कर रहे हैं और उपभोक्ताओं की समस्याओं की अनदेखी कर रहे हैं। क्षेत्र पहले से ही विकास की दौड़ में पिछड़ा है, ऊपर से इस तरह की लापरवाही आम लोगों की परेशानियां और बढ़ा रही है। ग्रामीणों ने मांग की है कि बिजली विभाग इस प्रकार की मनमानी पर रोक लगाए और भविष्य में बिना सूचना के बिजली आपूर्ति बंद न की जाए।

## ग्राम करौंदी में निर्माणाधीन स्टॉप डैम की गुणवत्ता पर सवाल, उपयंत्री की भूमिका संदिग्ध



**शहपुरा।** ब्लॉक शहपुरा अंतर्गत ग्राम पंचायत करौंदी के देवनाला में मनरेगा योजना के तहत लगभग 5.46 लाख रुपये की लागत से बनाए जा रहे स्टॉप डैम को लेकर गंभीर अनियमितताओं का मामला सामने आया है। निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर सवाल उठ रहे हैं, वहीं उपयंत्री की भूमिका भी संदेह के घेरे में है। मनरेगा के नियमों के अनुसार निर्माण कार्य में ग्राम पंचायत के स्थानीय मजदूरों को रोजगार देना अनिवार्य होता है, लेकिन यहां ठेकेदार और पंचायत एजेंसी द्वारा बाहरी मजदूरों से काम कराया जा रहा है। इससे ग्राम के मजदूरों को उनके हक का रोजगार नहीं मिल पा रहा है, जो मनरेगा की मूल भावना के विपरीत है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि स्टॉप डैम का निर्माण घटिया सामग्री से किया जा रहा है। धरातल पर बड़े-बड़े बोल्डर बिछाकर ऊपर से डस्ट मिश्रित गिट्टी डाली जा रही है। इससे निर्माण की मजबूती और टिकाऊपन पर प्रश्नचिन्ह लग गया है। गौर करने वाली बात यह है कि उपयंत्री द्वारा अब तक निर्माण स्थल का निरीक्षण तक नहीं किया गया है। सूत्रों के अनुसार उपयंत्री केवल कागजों पर मूल्यांकन कर कार्य पूर्ण मान लेते हैं, जबकि निर्माण कार्य की गुणवत्ता से उन्हें कोई सरोकार नहीं होता। स्थानीय निवासियों ने बताया कि पंचायत एजेंसी और ठेकेदार उपयंत्री की शह पर घटिया निर्माण कार्य करवा रहे हैं। आरोप है कि उपयंत्री अपने पसंदीदा ठेकेदारों से काम करवाते हैं, और सचिव व सरपंच भी उनके दबाव में रहते हैं क्योंकि भुगतान के लिए मूल्यांकन उन्हीं के माध्यम से होता है। इस प्रकार कमीशनबाजी और मिलीभगत के चलते न केवल विकास कार्यों की गुणवत्ता से समझौता किया जा रहा है, बल्कि सरकारी धन का भी दुरुपयोग हो रहा है।

### ग्रामीणों की मांग:

ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि इस घटिया निर्माण कार्य को तुरंत रोका जाए, और जब तक निर्माण की जांच नहीं होती, कार्य पुनः प्रारंभ न किया जाए। दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग करते हुए ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि स्थानीय प्रशासन ने उनकी बात नहीं सुनी, तो वे डिंडौरी कलेक्टर के समक्ष अपनी शिकायत लेकर जाएंगे। अब देखना यह है कि ग्राम पंचायत करौंदी में हो रही इस खुली अनियमितता को प्रशासन कितनी गंभीरता से लेता है और क्या कार्रवाई करता है।

# डिंडोरी के वासु दुबे और देव कुमार दुबे ने UPSC CAPF 2024 में पाई बड़ी सफलता, बने जिले के गौरव



**शहपुरा।** डिंडोरी जिले के शहपुरा जनपद मुख्यालय के निवासी वासु दुबे और देव कुमार दुबे ने केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (**CAPF**) असिस्टेंट कमांडेंट परीक्षा 2024 में शानदार सफलता प्राप्त कर जिले का नाम पूरे देश में रोशन किया है। पूर्व फौजी सुरेश कुमार दुबे और स्वास्थ्य विभाग में पदस्थ अर्चना दुबे के पुत्रों वासु और देव ने **UPSC** द्वारा आयोजित इस प्रतिष्ठित परीक्षा में क्रमशः ऑल इंडिया रैंक 248 और रैंक 331 हासिल की है। इस उपलब्धि के साथ ही दोनों भाई जिले और राज्य के युवाओं के लिए प्रेरणा स्रोत बन गए हैं।

### हर चरण में दिखाई श्रेष्ठता

वासु और देव दोनों ने इस परीक्षा के हर चरण – लिखित परीक्षा, शारीरिक परीक्षण, मेडिकल टेस्ट और इंटरव्यू – में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। देशभर से इंटरव्यू के लिए चयनित करीब 1500 उम्मीदवारों में से केवल 459 का अंतिम चयन हुआ, जिसमें दोनों भाइयों ने स्थान हासिल किया है। उनकी इस उपलब्धि से शहपुरा नगर सहित पूरे जिले में उत्सव का माहौल है, लोग मिठाइयाँ बांटकर खुशी जाहिर कर रहे हैं।

### देश सेवा का संकल्प

दोनों भाइयों ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता, शिक्षकों और अपने कठिन परिश्रम को दिया। उन्होंने कहा कि उनका सपना देश सेवा और राष्ट्र की रक्षा करना है। युवाओं को संदेश देते हुए उन्होंने कहा, "कड़ी मेहनत, धैर्य और आत्मविश्वास से कोई भी लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। गांव हो या शहर, अगर आपकी मेहनत सच्ची है तो सफलता अवश्य मिलेगी।"

### पहले भी मिल चुकी हैं सफलताएँ

वासु दुबे ने **UPSC** से पहले **SSC CGL** 2022 और 2023 परीक्षाएँ भी सफलतापूर्वक उत्तीर्ण की हैं। हाल ही में उन्होंने **SSC CGL** 2024 में ऑल इंडिया रैंक 2075 प्राप्त की है और वर्तमान में जबलपुर कमिश्नरेट में जीएसटी इंस्पेक्टर (कस्टम एवं सेंट्रल एक्साइज) के रूप में कार्यरत हैं। वहीं, देव कुमार दुबे ने **IBPS PO** 2024 परीक्षा पास की है और वर्तमान में अहमदाबाद स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा में बैंक मैनेजर के पद पर कार्यरत हैं।
उनकी इस उपलब्धि से जिले का गौरव बढ़ा है, और अब वासु और देव कुमार दुबे युवाओं के लिए सफलता की मिसाल बनकर उभरे हैं।

# लाखों खर्च, फिर भी अमृत सरोवर में नहीं एक बूंद पानी



**अमरपुर।** जल संरक्षण, सिंचाई और रोजगार के उद्देश्य से शासन द्वारा वर्ष 2022-23 में अमृत सरोवरों का निर्माण कराया गया था, लेकिन हकीकत में अधिकांश अमृत सरोवर आज सूखे पड़े हैं। लाखों रुपये की लागत से बने इन सरोवरों से न तो सिंचाई हो रही है, न ही मछली पालन और न ही सब्जी उत्पादन। जनपद पंचायत अमरपुर की ग्राम पंचायत भाखा द्वारा डुंगरिया रैयत में निर्मित अमृत सरोवर इसका जीवंत उदाहरण है। जानकारी के अनुसार, जिस स्थान पर यह सरोवर बनाया गया है, वहां पूर्व में ही राजीव गांधी जलग्रहण मिशन के तहत एक तालाब का निर्माण किया गया था। नए अमृत सरोवर के नाम पर उसी पुराने तालाब का महज विस्तार कर दिया गया, और इसके एवज में विभाग द्वारा 30.06 लाख रुपये व्यय कर दिए गए। गंभीर बात यह है कि पुराने तालाब का पंचनामा तक नहीं बनाया गया और न ही मूल्यांकन में किसी तरह की कटौती की गई। यह स्पष्ट रूप से वित्तीय अनियमितता की श्रेणी में आता है। निर्माण कार्य के दौरान लेआउट से लेकर अंतिम मूल्यांकन तक कई तकनीकी अनदेखियां की गईं, फिर भी सहायक यंत्री द्वारा मूल्यांकन का सत्यापन कर दिया गया। स्थानीय लोगों का आरोप है कि यह सब जानबूझकर किया गया, जिससे निर्माण एजेंसी, अधिकारी-कर्मचारी और सामग्री सप्लायरों को लाभ पहुंचाया जा सके। निर्माण स्थल पर लगाए गए सूचना पटल में वर्ष 2022-23 में स्वीकृत इस कार्य की लागत 30.06 लाख रुपये और प्रारंभ तिथि 18 अक्टूबर 2022 अंकित है, लेकिन आज तक कार्य पूर्ण होने की तिथि का उल्लेख नहीं किया गया है।



ग्रामीणों ने इस मामले की उच्च स्तरीय जांच की मांग की है ताकि जिम्मेदारों पर कार्रवाई हो और भविष्य में सार्वजनिक धन का दुरुपयोग रोका जा सके।

# मोदी सरकार के 11 साल के सुशासन और गरीब कल्याण पर जोर

**डिंडोरी।** भारतीय जनता पार्टी मंडल शहपुरा में "विकसित भारत संकल्प सभा" का आयोजन किया गया, जिसमें केंद्र में मोदी सरकार के 11 साल के सुशासन और गरीब कल्याण की नीतियों पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ पंडित दीनदयाल उपाध्याय, श्यामा प्रसाद मुखर्जी और भारत माता के चित्र पर तिलक वंदन और पुष्पांजलि के साथ हुआ।

### मुख्य वक्ताओं ने गिनाई उपलब्धियां

सभा में मुख्य वक्ता के रूप में भाजपा के जिला महामंत्री पंडित ज्ञानदीप त्रिपाठी और मंडल प्रभारी व जिला उपाध्यक्ष बद्री प्रसाद साहू उपस्थित रहे। मंच पर आसीन अतिथियों का स्वागत साल और श्रीफल भेंट कर किया गया।मंडल प्रभारी बद्री साहू ने अपने संबोधन में मोदी सरकार के 11 साल के सुशासन और गरीब कल्याण के कार्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता गरीब कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। वरिष्ठ भाजपा नेता श्याम कुमार गुप्ता ने जनसभा को संबोधित करते हुए गरीब कल्याण योजनाओं और 'विकसित भारत' के विस्तृत स्वरूप की जानकारी कार्यकर्ताओं को दी। उन्होंने **आयुष्मान कार्ड योजना** का विशेष उल्लेख करते हुए बताया कि करोड़ों गरीब परिवारों को 5 लाख तक का मुफ्त इलाज मोदी सरकार के नेतृत्व में मिल रहा है, जो कांग्रेस ने कभी नहीं किया। गुप्ता ने भी जोर दिया, जिसमें महिलाओं को शिक्षा, स्वास्थ्य और करियर में समान अवसर प्रदान कर सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक और व्यक्तिगत स्तर पर सशक्त बनाने की प्रक्रिया शामिल है।



मुख्य वक्ता ज्ञानदीप त्रिपाठी ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि मोदी सरकार के नेतृत्व में 5 करोड़ से अधिक गरीब परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ मिला है। उन्होंने 2047 तक 'विकसित भारत' के सपने को साकार करने का संकल्प दोहराया। त्रिपाठी ने कांग्रेस के 50-60 वर्षों के शासन की तुलना मोदी सरकार के 11 वर्षों से करते हुए कहा कि कांग्रेस ने कभी गरीबों के कल्याण के बारे में नहीं सोचा, जो मोदी जी ने इन वर्षों में कर दिखाया है।मंडल अध्यक्ष भजन चक्रवर्ती ने अपने संबोधन में कहा कि विकास की योजनाएं भाजपा की देन हैं। उन्होंने 2004 में अटल सरकार द्वारा शुरू की गई प्रधानमंत्री सड़क योजना और मध्य प्रदेश में **लाड़ली लक्ष्मी योजना** का उदाहरण दिया, जिनसे हजारों परिवारों को लाभ पहुंचा है। उन्होंने कहा कि भाजपा अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति तक लाभ पहुंचाने के लिए संकल्पित है।

### श्रद्धांजलि सभा

कार्यक्रम का संचालन मंडल महामंत्री नितिन गुप्ता ने किया। सभा के समापन पर हाल ही में हुई दुखद घटनाओं में जान गंवाने वालों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इसमें गुजरात के अहमदाबाद में प्लेन क्रैश, उत्तराखंड के केदारनाथ में हेलीकॉप्टर क्रैश में मारे गए लोग और जिला के भाजपा कार्यकर्ता के के. गुप्ता के साथ सभी दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर उपस्थित भाजपा मंडल अध्यक्ष भजन चक्रवर्ती जिला महामंत्री ज्ञानदीप त्रिपाठी भाजपा के वरिष्ठ नेता श्याम कुमार गुप्ता, मनोहर सोनी, विष्णु अवधिया, बालमुकुंद सोनी, श्रीमती गिरजा कारपेंटर, श्रीमती शालिनी अरुण अग्रवाल (नगर पालिका अध्यक्ष), श्रीमती प्रियंका आर्मो (जनपद अध्यक्ष), श्रीमती प्रीति अरविंद श्रीवास्तव (पार्षद), बाबा ठाकुर, राजेश साहू, अरुण अग्रवाल, अरविंद श्रीवास्तव, राम जी, हरीश साहू, मंडल महामंत्री नितिन गुप्ता, बसंत कुशराम, उपाध्यक्ष विजय कुमार साहू, अमित कछवाहा, तुलसीदास गुप्ता, राधेश्याम साहू, विजय राजा साहू, सुरेंद्र साहू, देवेंद्र बनवासी, रामलाल रजक, सोनेलाल परस्ते, डॉ. आनंद, लंबू सिंह, पवन झारिया, किशन झारिया, हीरालाल साहू, पंकज साहू, निर्मला साहू, सुनील मरावी, कैलाश उसेराठ, सोहन सिंह, रिंकू रैकवार सहित समस्त भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# मेंहदवानी में विकसित भारत संकल्प सभा का आयोजन



**हरिभूमि न्यूज**
**मेंहदवानी** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष माननीय श्री विष्णु दत्त शर्मा जी, प्रदेश संगठन महामंत्री माननीय श्री हितानंद शर्मा जी के निर्देशानुसार एवं संभागीय प्रभारी व प्रदेश महामंत्री सुश्री कविता पाटीदार जी, जिला संगठन प्रभारी, श्री गिरीश द्विवेदी जी, के मार्गदर्शन में व जिला अध्यक्ष श्री चमरू सिंह नेताम जी नेतृत्व व श्री जहर सिंह मरकाम जी के अध्यक्षता एवं मंडल अध्यक्ष सुदामा प्रसाद बर्मन जी के उपस्थिति में मोदी सरकार के 11 साल संकल्प से सिद्धि तक के तहत संकल्प सभा का आयोजन भाजपा मंडल मेहदवानी में दिनांक 15/06/2025 को सम्पन्न किया गया है। मंडल प्रभारी श्री मनोहर सोनी जी एवं बद्री प्रसाद साहूजी व श्रीमती इंद्रावती धुर्वे जी मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे,उक्त सभा मे श्री वीरेंद्र साहूजी पूर्व मंडल अध्यक्ष,श्रीमती यशोदा पूसाम, बैजंती परस्ते,मंडल महामंत्री रामस्वरूप साहू,सुदामा साहू,मीडिया प्रभारी संदीप रजक,कार्यालय मंत्री जय श्री राम साहू ,दददू दास,मनोज़ दास,नवल सिंह, विजय धुर्वे, धनीराम धुर्वे, पूरन भारतीया, शत्रुघन जी,भद्दे लाल कछवाहा, रामचरण विश्वकर्मा,बलराम वनबासी, उज्जन सिंह, गोपी,अक्कल सिंह,मातु सिंह मरावी,गजाधर साहू,शैलेंद्र कुलस्ते, देवी साहू सहित मंडल में निवासरत वरिष्ठ कार्यकर्ता, जिला पदाधिकारीगण,मंडल पदाधिकारी, शक्तिकेन्द्र प्रभारी, पंचपरमेश्वर, बूथ समिति, एवं भाजपा समर्पित देवतुल्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### बिजली गिरने युवक की मौत

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस थाना सुआतला के ग्राम व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार नीतेश पिता भागचंद पटेल उम्र 26 वर्ष निवासी देवरी राजमार्ग थाना सुआतला को पांडाझिर के रास्ते के पास बिजली गिरने में घायल हो गया जिसे उपचार हेतु स्वास्थ्य केन्द्र लाया गया जहां से उपचार के बाद जिला चिकित्सालय रेफर किया गया जहां परीक्षण के डाक्टरों द्वारा मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर शव गृह मे रखवाया गया। पोस्टमार्टम आज कराया जावेगा।

### सड़क दुर्घटना मे व्यक्ति घायल

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस खैरी के पास हुई सड़क दुर्घटना मे व्यक्ति घायल हो गया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार राजेन्द्र पिता डब्बू पटेल उम्र 40 वर्ष निवासी सांकल थाना ठेमी खैरी पुलिया के पास हुई सड़क दुर्घटना मे घायल हो गया जिसे उपचार हेतु जिला चिकित्सालय लाया गया जहां पर उपचार जारी है।

### कलेक्ट्रेट में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आज

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले के निर्देशन में सोमवार 16 जून को प्रात 10 बजे से स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन कलेक्ट्रेट कार्यालय के जनसुनवाई हॉल में किया जायेगा। उक्त शिविर में जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया जायेगा। शिविर में उच्च रक्तचाप, मधुमेह, नान अल्कोहालिक फैटी लीवर डिजीज की जांच की जायेगी।

### शहर के चौराहों से लेकर पुलिस थाने के सामने जमा चार पायों के डेरा से हर नागरिक हो रहे परेशान

**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।** लोग अपने घरों में दूध खाने के लिए जिस प्रकार से पालते है, मगर उनकी देख रेख करने की जगह नगरवासियों को परेशानी शानी पैदा करने छोड़ देते है? पशु मालिक दूध निकालकर दुधारू पशु को अपने घर से डण्डा मारकर बाहर निकाल देते है जियके चलते शाम होते ही शहर के मुख्य मार्गो में आवारा पशुओं का जमघट लगा रहता है। इसी का परिणाम है कि आये दिन लोग दुर्घटना के शिकार हो रहे है। इस प्रकार से आवारा पशुओं का इन दिनों सड़कों में जाम लगना आम बात हो गई है और आमलोग जाम से तंग आ चुके है। क्योंकि इन जानवरों को हटाये जाने को लेकर न तो प्रशासन गंभीर दिख रहा है और न ही पशु मालिक, ऐसे में आम नागरिको को काफी कठिनायों का सामना करना पड़ रहा है। कहने के लिये तो कुछ दिनों पहले नगर पालिका प्रशासन द्वारा सोशल मीडिया पर एक पत्र जारी करते हुये लोगों को अवगत कराया गया था कि सड़को पर घूमने वाले पशुओं को पकड़कर शहर के बाहर छोड़ने के लिये एक टीम का गठन किया है। मगर पता नही वह टीम कहा काम कर रही है इस बात का पता नही नही चल पा रहा है? यदि गौर किया जावे तो इन दिनों शहर के प्रमुख स्थान पलोटन गंज, रेल्वे स्टेशन रोड़, झंडाचौक, पुरानी गल्लामंडी, राठी तिरहा, आमगांवनाका, नया बस स्टेन्ड सहित अनेक स्थानों पर यह मवेशी अपना डेरा जमाये आये दिन हादसो को भी आमंत्रित करते रहते है। इतना ही नही नगर के पुलिस के थाने के सामने भी पशुओं का डेरा होने के कारण लोगों को परेशानियों का सामना करने मजबूर होना पड़ रहा है। इस प्रकार बेपरवाह पालक शहर की सड़को पर आवारा घूम रहे इन जानवरो के पालक पूरी तरह से बेपरवाह बने रहते है तो दूसरी ओर दुधारू जानवरो का दूध निकालने के बाद पशु पालक इन्हे सड़को पर खुल्ला छोड़ देते है ऐसे में ये जानवर सड़को पर पहुंच कर अपना डेरा जमा लेते है, कभी कभार तो इन आवारा जानवरों की वजह से गंभीर हादसे भी घटित हो चुके है। मगर इन आवारा पशुओं को प्रशासन द्वारा हटाये जाने किसी भी प्रकार के प्रयास नही किये जा रहे है और न ही पशु पालकों के खिलाफ कोई कार्यवाही जिसके कारण पशु पालकों के हौसले बुलंद होते जा रहे है। जिसका परिणाम आमलोगों की जिन्दगी को खतरा उतपन्न होता जा रहा है।

### गौ संरक्षण न किया तो आने वाली पीढियां सिर्फ चित्रों में देख पाएंगी गायें

# 33 दिवसीय गौ रक्षा यात्रा का महाराज श्री ने किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।

रविवार को ब्रह्मलीन शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती जी की तपोस्थली परमहंसी गंगा आश्रम झौंतेश्वर से आरंभ हुई 33 दिवसीय गौ प्रतिष्ठा पदयात्रा को ज्योतिष पीठाधीश्वर स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने झंडी दिखाकर रवाना किया। अनुराग भार्गव के नेतृत्व में निकाली जा रही इस पदयात्रा का समापन प्रधानमंत्री कार्यालय नई दिल्ली में होगा। गौ माता को राष्ट्रमाता का दर्जा दिए जाने के साथ वे देश में गायों के संरक्षण व संवर्धन की मांग भी सरकार से कर रहे हैं। यात्रा के दौरान आम जनों के बीच में इस मुद्दे को प्रमुखता से उठाया जाएगा।





### गायों की नस्लें तेजी से हो रही विलुप्त

अवसर पर मीडिया से रूबरू होते हुए शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने देशी गायों की घटती नस्लों पर चिंता जताते हुए कहा कि महाभारत काल में युधिष्ठिर की गौशाला में 10 हजार से अधिक नस्लें थीं, जबकि आज यह संख्या घटकर लगभग 25-30 ही रह गई है। हमने सरकार से कहा है कि 53 देशी नस्लों की गायों को एक बार एक साथ खड़ा करके दिखाएं। जिस पर आने वाले खर्च का वहन हम कर लेंगे, लेकिन उन्होंने हाथ जोड़ लिए। यह दर्शाता है कि गायों की नस्लें तेजी से विलुप्त हो रही हैं। यदि हमने तुरंत संरक्षण नहीं किया तो आने वाली पीढिया केवल चित्रों में ही गौमाता को देख पाएंगी।

### गौमाता का वध धार्मिक अपराध

शंकराचार्य ने कहा कि गौ माता का वध एक धार्मिक अपराध है और यह भारत की पुण्य भूमि पर पाप का कारण बन रहा है। उन्होंने मतदाताओं से अपील की कि वे केवल उसी प्रत्याशी को वोट दें, जो गौ संरक्षण की शपथ ले और उसे अपने संकल्प में प्राथमिकता दे। गौ प्रतिष्ठा पदयात्रा को लेकर उन्होंने कहा कि यह धार्मिक और सांस्कृतिक चेतना जगाने का प्रयास है। पदयात्रा से गौ माता की रक्षा को लेकर आमजन में जागरूकता फैलेगी और राजनीतिक दलों पर भी दबाव बनेगा कि वे इस विषय को अपने घोषणापत्र में स्थान दें। महाराज श्री द्वारा कहा गया कि सरकार की नाकामी के कारण गौ हत्याएं एवं देश में बूचड़खाने बढ़ा रहे हैं। महाराज श्री द्वारा उपस्थित जन समुदाय से अपील की गई कि मतदान करते समय यह भी ध्यान रखा जाए जो गो सेवा नहीं करेगा हम उसको मतदान नहीं करेंगे।

### 33 दिवस जारी रहेगी यात्रा

उक्त यात्रा की प्रभारी अनुराग भार्गव द्वारा बताया गया कि महाराज श्री के आशीर्वाद लेकर ब्रह्मलीन महाराज श्री शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती जी महाराज की समाधि स्थल से प्रारंभ होने वाली गौ संरक्षण व सेवा पदयात्रा 18 जुलाई 2025 को प्रधानमंत्री आवास नई दिल्ली में यात्रा का विश्राम होगा। उक्त यात्रा देश के विभिन्न प्रति से होते हुए गैस संरक्षण जागरूकता का संदेश देते हुए दिल्ली की ओर प्रस्थान करेगी तथा सरकार से गौ संरक्षण की मांग की जावेगी। उक्त मौके पर बड़ी संख्या मे भक्त मंडल के सदस्य तथा यात्रा समीति के सदस्यों की उपथिति रही।

## एसपी व पुलिस अधिकारियों ने रात्रि मे किया थानों व चौकियों का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।

बीती रात पुलिस अधीक्षक द्वारा जिले विभिन्न थानों एवं पुलिस चैकियों का निरीक्षण किया गया । उक्त संबंध मे बताया गया कि डीजीपी कैलाश मकवाना के निर्देशन में एसपी सहित अधिकारियों द्वारा देर रात थानों का किया गया औचक निरीक्षण। विगत रात्रि में पुलिस अधीक्षक, नरसिंहपुर द्वारा थाना सुआतला, चैकी बरमान, अति. पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना मुंगवानी, एसडीओपी नरसिंहपुर द्वारा थाना गोटेगांव, एवं तेन्दूखेडा द्वारा थाना पलोहा औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान थाने के रिकार्ड, रजिस्टर, लंबित शिकायत रजिस्टर एवं हवालात को चैक किया गया साथ ही अधिकारियों को निर्देश दिये गये कि क्षेत्र में घूमने वाले संदिग्ध व्यक्तियों पर नजर रखी जावे, अवैध शराब, सट्टा, जुआ जैसे अपराधों पर पूर्णतः अंकुश लगाया जाना सुनिश्चित करें, असमाजिक तत्वों पर कारगर प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की जावे



एवं गुण्डा वदमाश, आदतन अपराधी, निगरानी वदमाश एवं जेल रिहाई की निरंतर चैकिंग की जावे। थानों का औचक निरीक्षण के उपरान्त अधिकारियों द्वारा थाना क्षेत्र का भी भ्रमण करते हुये धार्मिक स्थल, सार्वजनिक स्थानों को भी चैक किया गया।

## 469 ग्राम गांजे के साथ एक आरोपी गिरफ्तार



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** विगत दिवस थाना क्षेत्र गोटेगांव के ग्राम उमरिया, चौकी झौतेश्वर निवासी गोपाल पिता पूरन सिंह पटैल उम्र 41 साल, के कब्जे से 469 ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा कीमती करीबन 5000- रूपये की जप्त कर आरोपी के विरूद्ध अपराध क्रमांक 454/2025 धारा 8/20 एन.डी.पी.एस.एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया है।

जिले में अवैध मादक पदार्थ के कारोबार पर पूर्णतः प्रतिबंध लगाने, साथ ही नशे का कारोबार एवं सेवन करने वालों पर पूर्णतः अंकुश लगाने हेतु संपूर्ण जिला अंतर्गत विशेष अभियान चलाया जाकर जिले के विभिन्न थानों में लगातार धरपकड की कार्यवाही की जा रही है। उक्त कार्यवाही में उनि दिलीप सिंह, सउनि सरुश धुर्वे, आरक्षक गौरीशंकर, प्रशांत राजपूत, महिला आरक्षक वंदना मिश्रा एवं चालक अमित नामदेव की मुख्य भूमिका रही है।

## अभिनव का एल्बम पहल लॉन्च हुआ

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** जिले के युवा अभिनव सिंह कौरव ने अपना पहला एल्बम पहल लॉन्च किया है। अभिनव सिंह कौरव द्वारा उनकी पहले एल्बम पहल लॉन्च की गई है जिसमें कुल 3 गाने है ओ जाना, ये चाहत मिले न दोबारा एवं टूटे जो ख्वाब और वह सभी म्यूजिक स्ट्रीमिंग साइट पर उपलब्ध है। लॉन्च उनके इंस्टाग्राम अकाउंट द्वारा किया गया है जिसपर वर्तमान में उनके 20000 से अधिक फॉलोवर्स है। वर्तमान में वे इन्फोसिस कंपनी में कार्यरत है और इंदौर एवं अन्य शहरों में अपने कवर सॉन्ग्स, ओरिजिनल्स और लाइव कॉन्सट्र्स के लिए जाने जाते है वे समाजसेवी सरदार सिंह पटेल के पुत्र है।



## सड़क हादसे में एयरफोर्स जवान की मौत

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** विगत दिवस सड़क हादसे में कर्नाटक के बेलगाम में तैनात एयरफोर्स के जवान ऋषिकांत विश्वकर्मा की मौत हो गई। ठेमी थाना क्षेत्र के मलाह पिपरिया के पास बाइक से जा रहे थे तभी तेज रफतार अज्ञात वाहन द्वारा टक्कर मार दी गई। बताया गया कि वे बहन की शादी में शामिल होने आए थे। हादसे के बाद क्षेत्र में मातम का माहौल है। बताया जा रहा है कि 35 वर्षीय ऋषिकांत स्पेशल इन्वेस्टिगेशन पर्सन के पद पर कार्यरत थे। गंभीर हालत में उन्हें जबलपुर के एक निजी अस्पताल ले जाया गया। इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। रविवार सुबह तिरंगे में लिपटा उनका पार्थिव शरीर तिन्दनी गांव पहुंचा। नागपुर से आई एयरफोर्स की बटालियन ने सैन्य प्रोटोकॉल के तहत अंतिम विदाई दी। सैकड़ों ग्रामीणों और परिजनों ने अंतिम दर्शन किए। परिजनों के अनुसार, ऋषिकांत देश सेवा के प्रति समर्पित थे। वे हमेशा अपने कर्तव्यों को प्राथमिकता देते थे। पुलिस ने अज्ञात कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। जांच जारी है। परिजन और ग्रामीण प्रशासन से उचित मुआवजे और कड़ी कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।



## नहरों से सिंचाई हेतु जल लेने किसानों से मांग पत्र आमंत्रित

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।

वर्ष 2025 की खरीफ फसलों की बरगी नहरों से सिंचाई के लिए जल लेने गोटेगांव, नरसिंहपुर एवं करेली तहसील के संबंधित लगभग 183 ग्रामों के किसानों से 25 जून 2025 पूर्व मांग पत्र एवं अनुबंध प्रस्तुत करने के लिए कहा गया है, ताकि नहरों से खरीफ फसलों के लिए निर्धारित तिथि से जल प्रवाह किया जा सके। इन ग्रामों में मुख्य नहर की आरडी 81.30 से 130.670 किमी तक वितरण प्रणालियों में क्रमशरू केसली माइनर, सिवनी डिस्ट्रीब्यूटरी, मातनपुर माइनर, भदगवां शाखा नहर, अंडिया डिस्ट्रीब्यूटरी, सुरगी डिस्ट्रीब्यूटरी, कंदेली डिस्ट्रीब्यूटरी, रहली डिस्ट्रीब्यूटरी एवं मुख्य नगर 102.00 से 130.860 किमी के बीच डायरेक्ट माइनरों से लगभग 183 ग्रामों की लगभग 8300 हेक्टर भूमि में निर्मित नहर प्रणाली से खरीफ फसलों की सिंचाई करने का लक्ष्य रखा गया है। यह जानकारी कार्यपालन यंत्री रानी अवंती बाई लोधी सागर डिस्नेट संभाग गोटेगांव ने दी है। इस सिलसिले में कार्यपालन यंत्री रानी अवंती बाई लोधी सागर डिस्नेट संभाग नरसिंहपुर ने संबंधित ग्रामों के किसानों से आग्रह किया है कि वे जल उपभोक्ता संथा कुटरी, इमलिया, वेदू, गुंदरई, बम्हनी, मगरधा, बेलखेड़ा, तिंदनी, ठेमी, बौछार, मचवारा, करकबेल, धमना, मैनावारी, नवलगांव, नंदवारा, झगरहाई, सूरजगांव, लुरहेटा, बरखेड़ा, निवारी, खुरपा, गोबरगांव आदि के माध्यम से अनुविभागीय अधिकारी रानी अवंती बाई लोधी सागर नहर उपसंभाग क्रमांक एक नरसिंहपुर क्रमांक एक पालाध वितरण अनुविभाग करकबेल बरहेटा को 25 जून 2025 के पूर्व तक मांग पत्र एवं अनुबंध पत्र प्रस्तुत करें।

### शायद गाडरवारा की घटना के बाद भी सजग नहीं हुआ प्रशासन

# 11 के व्ही विद्युत लाइन के नीचे बन रहे स्कूल के कक्ष

तेंदूखेड़ा

गुरुवार को गाडरवारा के एक गार्डन में काम कर रहे मजदूर करेंट लगने से कालकल्वित हो गये जिसके पीछे ऊपर से 11 के व्ही विद्युत तार ही है।इसी तरह की स्थिति तेंदूखेड़ा में भी बनीं हुई है। बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के पीछे तरफ 99लाख की लागत से 7 अतिरिक्त कक्षों का निर्माण हो रहा है। लेकिन जहां पर निर्माण कार्य चल रहा है वहां पर भी ऊपर से 11 के व्ही के विद्युत तार निकले हुये है।लोहे की बड़ी बड़ी राडें यहां पर पिलरों में लगेंगीं कहीं धोखे से झूलते विद्युत तार से राडें छू लेगीं तो समस्या फिर खड़ी हो जायेगी।इस विषय को लेकर संबंधित ठेकेदार से भी चर्चा की गई है।उनका कहना है कि दो माह पूर्व विद्युत विभाग के अधिकारियों को पोल अलग करने के लिए आवेदन दिया गया है। लेकिन अभी तक पोल अलग नहीं हुआ है। फाऊंडेशन स्तर तक का काम लगभग पूरा होने को है।इन कमरों का निर्माण पी आई यू द्वारा ठेकेदार के माध्यम से कराया जा रहा है।



चूंकि छात्रों की सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए कक्षों का निर्माण भी गुणवत्ता पूर्ण तरीके से कराये जाने के साथ कक्षों में सड़क का पानी ना भरे इसका भी ध्यान रखे जाने की जरूरत है।

### गुणवत्ता को लेकर आगे नहीं आते लोग

तेंदूखेड़ा में अभी तक बड़े बड़े निर्माण कार्य हो चुके हैं। संबंधित ठेकेदार मनमाने तरीके से गुणवत्ता को ताक पर रख कर निर्माण कार्य कराकर गुपचुप तरीके से हेंडोवर करके चले जाते हैं। कुछ समय बाद जब समस्यायें सामने आती हैं तब ध्यान दिया जाने लगता है और सवालिया प्रश्न चिन्ह लगने लगते हैं।बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की पीछे तरफ वाली विल्डिंग पूरी तरह से जर्जर हो गई थी। जमींदोज होने के साथ उसमें जहरीले जीव जंतुओं ने अपना अपना डेरा जमाना शुरू कर दिया था। छात्रों को बैठने के लिए काफी समस्या बनीं हुई थी।अब कहीं जाकर अतिरिक्त कक्ष निर्माण हो रहें हैं। इन कक्षों के निर्माण को लेकर नगर के उन सभी जवाबदार पक्षों को आगे आना चाहिए। निर्माण के बाद फिर शिकायतों पर फिर कार्यवाही ही नहीं हो पाती।

### इनका कहना है

तेंदूखेड़ा में बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के 7 अतिरिक्त कक्षों का निर्माण किया जा रहा है। ऊपर से 11 के व्ही के विद्युत तार निकले हुए हैं। विद्युत तार और पोल अलग करने को लेकर विद्युत विभाग के अधिकारियों को दो माह पूर्व ही लिखित आवेदन दे दिया गया है। उनके द्वारा स्टीमेट बनाकर दे दिया गया है।राशि जमा होते ही पोल अलग हो जायेगा। वैसे भी पिलंत लेबिल तक का काम चल रहा है।जब तक पोल अलग नहीं होगा काम आगे नहीं बढ़ायेंगे।

**अभिषेक ठाकुर**
अधीक्षण यंत्री पी आई यू

यह विषय अभी तक मेरी जानकारी में नहीं आया है। फिर भी मैं इस विषय को गंभीरता से दिखवा लेता हूं। और आवश्यक कार्रवाई करवाता हूं।

**ए के ओझा**
डिविजनल इंजीनियर गाडरवारा

## रक्तदान शिविर का आयोजन आज

**तेंदूखेड़ा** पीड़ित मानवता की सेवा के लिए हरदम सजग रहने वाले क्षेत्र में बड़े बड़े स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन कर आवागमन की सुविधा उपलब्ध कर मरीजों को गंभीर बीमारियों का निःशुल्क इलाज बड़ी बड़ी अस्पतालों में भर्ती करवाने के साथ शिक्षा खेल कूद और सांस्कृतिक धार्मिक आध्यात्मिक गतिविधियों को हमेशा बढ़ावा देने के साथ स्वयं के द्वारा आयोजन करने वाले पूर्व विधायक संजय शर्मा के द्वारा अपने पूज्य पिता जी स्व उमाशंकर शर्मा कक्का जी की पुण्य स्मृति में 16 जून सोमवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रोंसरा में रक्त दान शिविर का आयोजन दोपहर 12 बजे से किया जा रहा है। जिसमें क्षेत्र के सभी साथियों से बड़ी संख्या में उपस्थिति की अपील की गई है।श्री शर्मा ने हमारे प्रतिनिधि को बताया कि रक्तदान से बढ़ कर कोई दान नहीं है। कभी कभी ब्लड बैंक में जरुरतमंदों जख्मी पीड़ित वर्ग को उसके ग्रुप का रक्त भी नहीं मिल पाता वह व्लड बदल कर समय पर रक्त मिल जाने से उसकी जान बचाई जा सकती है। इसलिए इस शिविर का आयोजन यहां पर रखा गया है।